दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...








● नई दिल्ली। मंगलवार 18 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 86 पेज-11 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


## अयोध्या का श्रीराम मंदिर 96 प्रतिशत बनकर हो चुका तैयार

**अयोध्या।** अयोध्या में रामजन्मभूमि पर बन रहे दिव्य और भव्य राम मंदिर निर्माण का निर्माण कार्य जून 2025 तक पूर्ण हो जाने की संभावना है। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने सोमवार को बताया कि रामजन्मभूमि पर बन रहे दिव्य और भव्य राम मंदिर निर्माण का कार्य 96 प्रतिशत पूरा हो चुका है, साथ ही परकोटा का कार्य 70 प्रतिशत किया गया है। अब आगे यह कार्य सितम्बर 2025 तक पूरा होने की संभावना है।



उन्होंने बताया कि राम मंदिर परिसर में शबरी, निषादराज और अन्य ऋषियों के मंदिर का कार्य मई तक पूरा कर लिया जायेगा। परिसर में भगवान शेषावतार मंदिर का कार्य भी चल रहा है, जो अगस्त तक पूरा होने की उम्मीद है। राम मंदिर परिसर स्थित यात्री सुविधा केन्द्र में तुलसीदास की प्रतिमा को स्थापित किया गया है। आगामी रामनवमी पर मानस जयंती के दिन मूर्ति का अनावरण किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि रामजन्मभूमि परिसर में रामनवमी पर्व अर्थात रामजन्मोत्सव पर नौ दिवसीय रामकथा का आयोजन रामजन्मभूमि परिसर में किया गया है, जिसमें आठ दिवसीय अनुष्ठान भी सम्पन्न किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि नवमी तिथि रामलला के गर्भगृह में फूल बंगले की भव्य झांकी भी सजेगी, जहां भगवान राम के जन्मोत्सव पर बधाई गायन सहित विभिन्न कार्यक्रम भी सम्पन्न किये जायेंगे।

ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि रामनवमी उत्सव के दौरान परिसर स्थित अंगद टीले पर 29 मार्च से छह अप्रैल तक रामकथा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें अतुलकृष्ण भारद्वाज कथाव्यास होंगे। रामजन्मभूमि परिसर में वाल्मीकि रामायण, रामचरित मानस और अध्यात्म रामायण का परायण होगा। इसके साथ-साथ दुर्गा सप्तशती अनुष्ठान भी सम्पन्न किया जायेगा, जिसमें एक लाख से अधिक आहुतियां डाली जायेंगी।

## विजय नगर में डाल रहे थे निगम की जमीन पर कूड़ा
## महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारी भेजकर जब्त करवाए तीन ट्रैक्टर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल गाजियाबाद शहर को साफ बनाने और अवैध रूप से कूड़ा डाले जाने को लेकर लगातार आक्रामक रुख अपना रही हैं। सोमवार को उनको सूचना मिली कि विजयनगर में कार्बन कंपनी के बराबर में नगर निगम की भूमि पर कुछ लोग ट्रैक्टर भर के कूड़ा डाल रहे हैं। इसकी सूचना मिलते ही उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों और सफाई इंस्पेक्टर श्वेता को कार्रवाई करने का निर्देश दिया और तीनों ट्रैक्टर जप्त करवाकर नगर निगम के गैराज में खड़े करवा दिए गए हैं। वहीं महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि इस मामले में कार्रवाई की गई है। साथ ही कूड़ा डलवाने वालों पर जुमार्ना भी लगाया जाएगा। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर किसी ने भी नगर निगम की जमीन पर कोई भी व्यक्ति कूड़ा डालेगा या गंदगी फैलाने का काम करेगा तो उसपर भी कार्रवाई की जाएगी।



महापौर सुनीता दयाल को मिली थी शिकायत, इसके बाद लिया गया एक्शन



### आवासीय क्षेत्र में डाला जा रहा था औद्योगिक क्षेत्र का कूड़ा

करंट क्राइम : नगर निगम के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि ट्रैक्टर जिनमें अवैध कूड़ा डाला जा रहा था, उसमें नाले की शील्ट और मालवा था। जिसे औद्योगिक क्षेत्र से लेकर आया गया था, बताया जा रहा है कि यह कूड़ा यूपीएसआईडीसी के द्वारा अवैध रूप से डलवाया जा रहा था। जिसके लिए वहां के अधिकारियों को भी पत्र लिखा जाएगा। बताया जा रहा है कि विजयनगर क्षेत्र में आए दिन अवैध कूड़े डालने की शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों को इस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

### पहले भी लिया है महापौर ने अवैध कूड़ा डालने के लिए सख्त एक्शन

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल द्वारा अवैध रूप से नगर निगम की जमीन पर कूड़ा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई का यह है कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी क्रॉसिंग रिपब्लिक एरिया में इसी प्रकार से कूड़ा डाला जा रहा था, उसको लेकर उन्होंने कार्रवाई की थी। साथ ही नोएडा और दिल्ली से जो वाहन यहां कूड़ा डालते थे, उनपर भी एक्शन हुआ था। बता दें कि नगर निगम लगातार गाजियाबाद को साफ बनाने और शहर की आबोहवा को सुधारने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में जगह-जगह अवैध रूप से कूड़ा डालने से गंदगी फैलती है। साथ ही बीमारियां फैलने का भी खतरा बना रहता है। जिसको लेकर लगातार नगर निगम और नगर निगम में नगर आयुक्त, महापौर और अधिकारी ऐसी शिकायतें मिलने पर कार्रवाई करते हैं।

**नगर निगम लगातार गाजियाबाद को साफ बनाने और शहर की आबोहवा को सुधारने का प्रयास कर रहा है।**

## रोटी पर थूकने वाला कारीगर गिरफ्तार, हिंदू संगठन बोले बंद हों ऐसे स्थान

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वीडियो, पुलिस ने लिया एक्शन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ग्रामीण जोन के अंतर्गत मुरादनगर थानाक्षेत्र में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मुरादनगर में एक होटल में तंदूर पर रोटी बनाते हुए कारीगर के थूकने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

वायरल मीडिया पर हिंदू संगठनों ने नाराजगी जाहिर की। पुलिस को शिकायत दी गई जिसके बाद पुलिस ने वीडियो के आधार पर पहचान की तो यह नाज होटल का मामला निकला। पुलिस का कहना है कि यह है वीडियो 16 मार्च का है।

जिसमें तीन कारीगर रोटी बनाते हुए नजर आ रहे थे। इसमें से आरोपी इसरार को पकड़ लिया गया है। इसरार मुरादनगर के कच्ची सराय कॉलोनी का रहने वाला है और बीत तीन साल से होटल में काम कर रहा था। एसीपी लिपि नगायच का कहना है कि बृज विहार कॉलोनी में रहने वाले हिंदू युवा वाहिनी के नगर अध्यक्ष सुशील कुमार की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की है।

### एसीपी का निर्देश होटल संचालक लगवाए कैमरे



**करंट क्राइम :** इस मामले में एसीपी लिपि नगायच ने जहां आरोपी को गिरफ्तार करवाने के लिए तीन टीम का गठन किया था। वहीं थानाध्यक्ष मुरादनगर शैलेंद्र तोमर के साथ खुद भी कई स्थानों के सीसीटीवी खंगाले थे। इस दौरान एसीपी ने मुरादनगर मसूरी थानाक्षेत्र में चलने वाले सभी होटल संचालकों को अपने यहां कैमरे लगवाने और पुलिस द्वारा सत्यापन करवाने का निर्देश दिया है।

### पहले भी आए हैं इस तरीके के मामले

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद में खाने में थूकने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी गाजियाबाद के घंटाघर कोतवाली, साहिबाबाद, लोनी, खोड़ा, मुरादनगर थानाक्षेत्र में इस तरीके के मामले सामने आए हैं। जिसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों पर एक्शन लिया।





श्री मयंक गोयल जी को
गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष
बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
एवं
धन्यवाद!
बालकिशन गुप्ता (बालू भाई)
जिलाध्यक्ष, गाजियाबाद
राष्ट्रीय व्यापार मंडल


श्री मयंक गोयल जी को
गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष
बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
एवं
धन्यवाद!
अजय गुप्ता
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल एवं सदस्य सिविल
डिफेंस हिंडन एयरपोर्ट व समाजसेवी गाजियाबाद


श्री मयंक गोयल जी को
गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष
बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
एवं
धन्यवाद!
मधुकर त्यागी
भाजपा नेता व
चेयरमैन गोल्डन रिसोर्ट
राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद


श्री मयंक गोयल जी को
गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष
बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
एवं
धन्यवाद!
पं. गुंजन शर्मा (एडवोकेट)
महानगर मंत्री, भाजपा, गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 18 मार्च -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल को बधाई देने वाले चेहरों की दस्तक करा रही है भविष्य की टीम का एहसास

## जो नहीं दिखाई देते थे भगवा कमांडर के कार्यकाल में वो चेहरे दिख रहे हैं नए अध्यक्ष के आस-पास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के महानगर अध्यक्ष के पद पर मयंक गोयल की ताजपोशी होने के बाद अब चर्चाएं इस बात पर शुरू हो चुकी हैं कि मयंक गोयल अपनी जब टीम बनायेंगे, तब उसमें किस किसको साथ लेकर चलेंगे। कौन उनका सेनापति बनेगा, कौन उनका सारथी बनेगा। कौन उनके महामंत्रियों की सूची में होगा, कौन उनके उपाध्यक्ष और मंत्रियों वाली सूची में होगा। मयंक गोयल की अध्यक्ष वाली घोषणा के बाद ही से ही कार्यकर्ताओं का ताता उनको बधाई दे रहा है। देखने में आ रहा है कि इन बधाई देने वालों में अधिकतर वो चेहरे शामिल हैं जो कभी भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक संजीव शर्मा के कार्यकाल में दिखाई नहीं दिया करते थे। ये चेहरे संगठन में स्थान पाने वाले भी हैं और ये चेहरे वो भी हैं जिन्हें संजीव शर्मा के साथ पारी खेलने का मौका नहीं मिला।





सूत्र बताते हैं कि संजीव शर्मा के कार्यकाल में कुछ अनदेखी तो कुछ साईलेंट मोड पर चलने वाले चेहरों ने अभी से मयंक गोयल के आस-पास डेरा डाल दिया है। हालांकि ये भी सच है कि मयंक गोयल संगठनात्मक दृष्टि से काफी परिपक्व हैं और वो सिफारिश से ज्यादा मैरिट के आधार पर अपनी टीम में सक्रिय चेहरों को स्थान देंगे। वो इस बात का भरपूर ध्यान रखेंगे कि भले ही कोई चेहरा संजीव शर्मा की टीम में एक्टिव रहा हो और वो उनके साथ भी पारी खेलना चाहता हो तो वह उस चेहरे को अपनी टीम में शामिल करने में शह-मात का खेल नहीं खेलेंगे। सूत्रों का कहना है कि आप भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल के पास दिखने वाले चेहरों पर अगर गौर करो तो यहां पर अधिकतर साहिबाबाद के चेहरे उनके आस-पास डेरा डाले हुए हैं। इतना ही नहीं कई पूर्व मंडल अध्यक्ष उनकी टीम में आने के अभी से मौके तलाशने लगे हैं। ये चेहरे आजकल मयंक गोयल के पास खूब देखे जा रहे हैं। देखना अब ये है कि संजीव शर्मा के कार्यकाल के दौरान साईलेंट मोड पर रखने वाले कितने चेहरे मयंक गोयल की टीम में स्थान बनाने में कामयाब होते हैं।

## क्या चार महामंत्री करेंगे मयंक गोयल की अध्यक्षता में संगठन में आने का प्रयास

**करंट क्राइम।** नये अध्यक्ष की घोषणा हो गई है। अब नए अध्यक्ष क्या टीम बनायेंगे, इस पर भी गुणा-भाग शुरू हो चुका है। नजर अब इस बात पर है कि क्या संजीव शर्मा के साथ महामंत्री की पारी खेलने वाले पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, राजेश त्यागी और सुशील गौतम, मयंक गोयल की टीम में आने का प्रयास करेंगे। क्या ये सभी दोबारा महामंत्री के पद पर रिपीट होना चाहेंगे। सूत्र बताते हैं कि संगठन में रिपीट होने वाली इच्छा फिलहाल पप्पू पहलवान में दिखाई नहीं दे रही है। वहीं राजेश त्यागी महामंत्री के तौर पर कई पारियां खेल चुके हैं। क्या वो दोबारा इस पारी पर आगे बढ़ना चाहेंगे। इस पर भी सबकी नजर है। सुशील गौतम के साथ भी कुछ यही स्थिति है। वो भी महामंत्री वाला दायित्व कई बार निभा चुके हैं, क्या वो इस बार फिर अपने आपको महानगर की सीमा में बांधना चाहेंगे। या फिर इस बार वो मोर्चे की प्रदेश या क्षेत्र की टीम में जाने का प्रयास करेंगे। नजरें गोपाल अग्रवाल पर भी हैं। गोपाल अग्रवाल, मयंक गोयल के नेतृत्व में महामंत्री वाली पारी खेलेंगे या फिर इस बार खुद को आने वाले चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र की राजनीति में समर्पित करेंगे। इन सभी पहलुओं से पर्दा भविष्य में उठना है। यहां पर बात उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी की भी करनी होगी। बॉबी त्यागी भी महानगर अध्यक्ष के प्रबल दावेदारों में शामिल थे। क्या मयंक गोयल इस कर्मठ चेहरे को अपनी टीम में महामंत्री वाले लेवल पर लाने का प्रयास करेंगे, या फिर गुणा-भाग की राजनीति में बॉबी त्यागी का नाम उलझ जायेगा।









### अभी तो हुई है शुरूआत गेम में कई चेहरे आने का करेंगे प्रयास

**करंट क्राइम।** अभी तो शुरूआत ही हुई है। चर्चा इस बात पर है कि जब मयंक गोयल अपनी टीम का फार्मेट तैयार कर रहे होंगे तब कौन-कौन से चेहरे उनके साथ मुख्य धारा में आने का प्रयास करेंगे। चर्चा ये है कि यहां महानगर के मंत्री गुंजन शर्मा को जरूर प्रमोशन मिलने की संभावनाएं हैं। इसके अलावा बाल्मिकी चेहरे या दलित चेहरे के तौर पर प्रदीप चौहान को भी इग्नोर नहीं किया जा सकता। ओबीसी चेहरे के तौर पर सुरेन्द्र नागर, राजू पांचाल, सचिन डेढ़ा सहित कई चेहरे टीम में आने का प्रयास करेंगे। महिला चेहरों में पूनम कौशिक, उदिता त्यागी, रनिता सिंह, काजल त्यागी सहित कई चेहरों पर नजर रहेगी। इसके अलावा लाईन पार से लेखराज माहौर के अलावा शहर से आने वाले रूद्र प्रताप त्यागी, राम त्यागी, प्रदीप चौधरी सहित कई प्रमुख चेहरों पर नजर रहेगी। गेम फिलहाल आगे की ओर बढ़ चुका है। ठाकुर फैक्टर पर मयंक गोयल किस दिशा में आगे बढ़ेंगे इस पर भी सबकी नजर है। क्या इस बार नदिया पार के प्रमुख चेहरे सरदार सिंह भाटी महामंत्री वाला किरदार पाने में कामयाब रहेंगे, इस पर भी नजर है। समय बढ़ने के साथ किरदारों की संख्या में और भी इजाफा होने की उम्मीद बताई जा रही है।

# भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष को किया गया हाउस अरेस्ट

## डा.उदिता त्यागी ने कहा पुलिस हर बार हमको ही रोकती है



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष डा. उदिता त्यागी को उनके राज नगर स्थित आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया। तो वहीं वेव सिटी थानाक्षेत्र अंतर्गत आने वाले महामंडलेश्वर यति के मंदिर पर भी भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। वहां महंत यति और उनके साधु संतों को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने दिल्ली जाने से रोक लिया। दरअसल दोनों ही लोगों ने 17 मार्च सोमवार को जंतर मंतर पर हनुमान चालीसा का पाठ करने की घोषणा की हुई थी। यहीं पर मौलाना मदनी द्वारा वक्त बोर्ड के समर्थन में आयोजित बैठक होनी थी, जिसका हिंदु संगठन खुलकर विरोध कर रहे थे। यही वजह है कि सोमवार को पुलिस अलर्ट मोड पर रही और हिंदु संगठनों को दिल्ली कूच नहीं करने दिया गया।

### सुबह से घर के बाहर मौजूद रही कवि नगर पुलिस

**करंट क्राइम :** डा. उदिता त्यागी ने दिल्ली जाने की घोषणा की हुई थी, उनकी घोषणा को लेकर कवि नगर पुलिस सुबह से ही उनके घर के बाहर मौजूद थी। उनको घर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा था। उन्होंने पुलिस से अपील की कि अगर उन्हें कुछ खतरा है या अन्य सूचना है तो पुलिस की गाड़ी उनको दिल्ली तक लेकर चले, वह बस दिल्ली जाना चाहती हैं। पुलिस ने दिल्ली के खराब माहौल का हवाला दिया और अधिकारियों का आदेश बताया और उनको घर से नहीं निकलने दिया। जिस पर उदिता त्यागी ने सोशल मीडिया पर कई वीडियो और फोटो पोस्ट किए। उनका कहना था कि हमेशा किसी भी प्रदर्शन और आंदोलन के लिए हिंदुओं को ही रोका जाता है।

### खुफिया तंत्र व पुलिस रही अलर्ट

**करंट क्राइम :** सोमवार को हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों की ओर से दिल्ली कूच की घोषणा के बाद गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट और खुफिया तंत्र अलर्ट मोड पर था। वहीं यदि नरसिंहानंद और डॉ. उदित त्यागी को लेकर पूरी नजर रखी गई।

# मयंक गोयल की ताजपोशी के बाद क्यों डाल दिया अतुल गर्ग ने दिल्ली में डेरा

## क्या अंदरखाने अपनों की नाराजगी के टारगेट पर आ गये हैं सांसद अतुल गर्ग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और जिन परिस्थितियों में वो सांसद बने और उसके बाद जिन परिस्थितियों में उन्होंने दिल्ली चुनाव की कमान संभाली, पार्टी ने जिस तरह से उन्हें बड़े दायित्व सौंपे उसके बाद से कोई भी उन्हें सियासी गलियारों में हलके में नहीं लेता। वो भाजपा की राजनीति का बड़ा और भारी नाम हैं। होली के अवसर पर उनके फार्म हाउस में जब दस्तरखान बिछा तो यहां दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से लेकर बीएल संतोष सहित 17 मोस्ट पावरफुल चेहरें मौजूद थे। अतुल गर्ग के फार्म हाउस पर सत्ता के बड़े चेहरों का आना अतुल गर्ग की सियासी ताकत को बताने के लिये काफी है। अब अगर कोई व्यक्ति ताकतवर है तो जाहिर है कि अध्यक्ष पद की ताजपोशी में उनकी दखल रही होगी। ये एक आम चर्चा है कि वो लोकसभा सांसद होने के साथ-साथ मजबूत सियासी सख्सियत भी हैं और सभी ये मानकर चल रहे हैं कि महानगर अध्यक्ष पद की ताजपोशी में उनकी दखल , उनकी राय सबसे अहम रही है। महानगर अध्यक्ष वाले गेम में सांसद अतुल गर्ग की भूमिका सबसे अहम रही है। माना यही जा रहा है कि जब ये गेम शुरू हुआ तो इसमें 62 खिलाड़ी थे और फिर धीरे-धीरे ये गेम पप्पू पहलवान, मयंक गोयल, पवन गोयल, मानसिंह गोस्वामी, बोबी त्यागी और प्रेम त्यागी पर फोकस हो गया। अंदरखाने इस बात की चर्चा है कि अतुल गर्ग ने भले ही अपनी लिस्ट में दो गोयल का नाम नहीं दिया हो, मगर पहलवान के लिये तो बोला होगा। चर्चा यह भी है कि उन्होंने अगर गोयल का विरोध नहीं किया तो बोला भी नहीं। इसके बाद से महानगर अध्यक्ष वाला गेम वैश्य चेहरे पर आ गया और यही से ओबीसी चेहरे आउट हो गये। मानने वाले मानते हैं कि इस हां और ना के बीच में मानसिंह गोस्वामी और पप्पू पहलवान की दावेदारी का गेम फिनिश हो गया। सबकी नजरें इसी बात पर हैं कि इस ताजपोशी में सांसद अतुल गर्ग का क्या रोल रहा है। बहरहाल अब जिन लोगों की पैरोकारी अतुल गर्ग ने की है या जिन लोगों को ये विश्वास है कि उनकी पैरोकारी अतुल गर्ग ने की है, उन्हें ये विश्वास क्यों नहीं हो रहा कि वो गोयल चेहरे की पैरोकारी में कोई भूमिका निभाएंगे। चर्चा ये भी है कि एक वर्ग ये भी मान रहा है कि अतुल गर्ग ने कहीं ना कहीं गोयल की पैरोकारी में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भूमिका निभाई है। सूत्र बताते हैं कि अंदरखाने अब अपनों की नाराजगी के टारगेट पर सांसद अतुल गर्ग आ गए हैं। यही वजह मानी जा रही है कि समर्थक कुछ चीजों को हजम नहीं कर पा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि फार्म हाउस वाले कार्यक्रम के बाद से ही अतुल गर्ग ने दिल्ली में डेरा डाल लिया है और आने वाले दो-तीन दिन तक वो दिल्ली में ही प्रवास करेंगे। सूत्र बता रहे हैं कि जब गुलदस्ते-स्वागत का सैलाब थम जाएगा, ये दौर रुक जाएगा, उसके बाद ही सांसद अतुल गर्ग गाजियाबाद में आएंगे।

### क्या हैवीवेट पावर सेंटर वाले चक्रव्यूह में फंस गये सांसद अतुल गर्ग

**करंट क्राइम।** पावर सेंटर वाले वर्ग में एक चर्चा उस चक्रव्यूह की भी हो रही है जिसमें सांसद अतुल गर्ग उलझ गए। सूत्र बताते हैं कि ये पूरा गेम हैवीवेट पावर सेंटर की ओर से चला गया। जिसमें सांसद उलझ गए। मयंक गोयल की ताजपोशी को सांसद अतुल गर्ग की इस गेम में कमजोर फिल्डिंग के रूप में भी देखा जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि जब गेम वैश्य चेहरे पर आया और ओबीसी चेहरे आउट हुए तो सबकी नजरें इस बात पर थी कि अब अतुल गर्ग का क्या रोल रहेगा। जानकारी बताते हैं कि हैवीवेट पावर सेंटर की ओर से इस गेम की मुहरें फिट किये जा चुके थे। यहां जो नाम पहले स्थान पर दिया जाना था, वो नाम दिया गया, लेकिन उसके बाद किसी को तवज्जो देते हुए चौथे नंबर पर एक नाम दिया गया। ये नाम बैकअप के लिये था और ये नाम देकर दूसरे पावर सेंटर ने एक तरह से अतुल गर्ग की सहमति पर सहमति जताई। सूत्र बताते हैं कि इसी के बाद पूरा गेम घूम गया और इसे ही हैवीवेट चक्रव्यूह माना जा रहा है, जिसमें सांसद उलझ गए।

# अनिल अग्रवाल सांवरिया बने भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष

## वैश्य व्यापारी राजनीति का बड़ा चेहरा माने जाते हैं अनिल अग्रवाल सांवरिया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सांवरिया को भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन में उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए डॉ. विनय मित्तल तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र गर्ग ने अनिल अग्रवाल सांवरिया को उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष घोषित किया है। वो भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन की प्रबंध समिति द्वारा इस पद पर नियुक्त किये गये हैं। गौरतलब है कि अनिल अग्रवाल सांवरिया इससे पहले भी व्यापारी राजनीति में और वैश्य राजनीति में एक बड़ा नाम हैं। बीते दिनों उन्हें पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का भी अध्यक्ष बनाया गया था।

अनिल अग्रवाल सांवरिया की गिनती शहर के प्रतिष्ठित गणमान्य लोगों में होती है। वो कई सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से भी जुड़े हैं। राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रबल समर्थक अनिल अग्रवाल सांवरिया सनातन संस्कृति के लिये काम करते हैं, वैश्य समाज की एकजुटता के लिये काम करते हैं



और व्यापारिक हितों के लिये वो हमेशा समर्पित रहते हैं। अब उनके हिस्से में यह नई उपलब्धि आई है। अनिल अग्रवाल सांवरिया ने भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन का उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया है।

**अनिल अग्रवाल सांवरिया की गिनती शहर के प्रतिष्ठित गणमान्य लोगों में होती है। वो कई सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से भी जुड़े हैं। राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रबल समर्थक अनिल अग्रवाल सांवरिया सनातन संस्कृति के लिये काम करते हैं, वैश्य समाज की एकजुटता के लिये काम करते हैं और व्यापारिक हितों के लिये वो हमेशा समर्पित रहते हैं। अब उनके हिस्से में यह नई उपलब्धि आई है। अनिल अग्रवाल सांवरिया ने भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन का उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया है।**

उन्होंने कहा है कि वह पूरी ईमानदारी के साथ कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ हमेशा की भांति समाजहित में काम करेंगे। अनिल अग्रवाल को फाउंडेशन का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर व्याप्त है। सभी ने उन्हें बधाई और शुभकामाएं दी हैं। उनके समर्थकों का भी मानना है कि ऐसे सामाजिक और गणमान्य व्यक्ति को जब ऐसी जिम्मेदारियां दी जाती हैं तो व्यक्ति के साथ-साथ संस्था भी गौरवान्वित होती है।

इससे पहले भी अनिल अग्रवाल सांवरिया को सामाजिक और सांस्कृति क्षेत्रों में विभिन्न मंचों पर कई बार सम्मानित किया जा चुका है। वो हमेशा से वैश्य समाज के हितों की लड़ाई लड़ते आए हैं। व्यापारिक हितों को लेकर उन्होंने हमेशा संवैधानिक दायरे में रहकर मोर्चा खोला है।

वो भाजपा के भी अनुशासित और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। उनके इस मनोनयन पर वैश्य समाज ने भी हर्ष व्यक्त किया है।

## संपादकीय

# इसरो ने भारत को दुनिया में दिलाई खास पहचान

छोटे अंतरिक्ष यानों का उपयोग कर उन्हें जोड़ना, डाकिंग प्रौद्योगिकी का विकास, लक्षित अंतरिक्ष यान के जीवन काल को बढ़ाने की क्षमता प्रदर्शित करना, यानों के बीच विद्युत शक्ति हस्तांतरण का परीक्षण करना आदि इसरो के इस अभियान के मुख्य लक्ष्यों में शामिल है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने अंतरिक्ष में जिस स्तर पर उपलब्धियां हासिल की हैं, उससे दुनिया भर में भारत को एक खास पहचान मिली है। अब अपने स्पेडेक्स अभियान के तहत इसरो को उपग्रहों को जोड़ने और फिर अलग-अलग करने में जैसी कामयाबी मिली है, उसने अंतरिक्ष विज्ञान के भविष्य में भारत के लिए नई उम्मीद जगा दी है। गुरुवार को इसरो ने बताया कि उसने स्पेडेक्स उपग्रहों को डी-डाक यानी अलग करने का काम पूरा कर लिया है।

गौरतलब है कि स्पेडेक्स अभियान बीते वर्ष 30 दिसंबर को शुरू किया गया था। उस समय इसरो ने अंतरिक्ष में कई प्रयासों के बाद 16 जनवरी को डाकिंग के तहत दो उपग्रहों एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स- 02 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया था। दरअसल, डाकिंग अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने की प्रक्रिया को कहते हैं और इसमें जोखिम और संवेदनशीलता के स्तर को देखते हुए पहले ही प्रयास में इसरो को मिली कामयाबी बेहद महत्त्वपूर्ण मानी गई है। इसे एक अविश्वसनीय अभियान को कामयाबी के साथ पूरा करने के तौर पर देखा गया है।

उपग्रहों को अलग करने में इसरो को मिली बड़ी कामयाबी अब उसी कड़ी में इसरो ने दोनों उपग्रहों को अलग करने में जिस स्तर का कौशल प्रदर्शित किया है, उससे साफ है कि अब अंतरिक्षीय प्रयोगों में भारत को अहम दर्जा मिल रहा है। गगनयान मिशन के लिए भी यह तकनीक जरूरी है, जिसके तहत मनुष्य को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। उपग्रहों को अलग करने में इसरो को मिली ताजा कामयाबी के बाद चंद्रमा की खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे भविष्य के अभियानों का रास्ता साफ हो गया है। दो छोटे अंतरिक्ष यानों का उपयोग कर उन्हें जोड़ना, डाकिंग प्रौद्योगिकी का विकास, लक्षित अंतरिक्ष यान के जीवन काल को बढ़ाने की क्षमता प्रदर्शित करना, यानों के बीच विद्युत शक्ति हस्तांतरण का परीक्षण करना आदि इसरो के इस अभियान के मुख्य लक्ष्यों में शामिल है। स्पेडेक्स अभियान को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए इसरो की क्षमता में तेज विकास के सूचक के तौर पर देखा जा सकता है।

# 10 वर्षों में 16.35 लाख करोड़ के लोन राइट ऑफ

## महिला की तस्वीर के 'अवैध' इस्तेमाल पर नोटिस

**नई दिल्ली।** बैंकों ने पिछले 10 वित्त वर्षों में करीब 16.35 लाख करोड़ रुपये मूल्य की गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) या खराब ऋण राइट ऑफ किए हैं। यह जानकारी सोमवार को संसद में दी गई। वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान सबसे अधिक 2,36,265 करोड़ रुपये बट्टे खाते में डाले (राइट ऑफ) गए। 2014-15 में 58,786 करोड़ रुपये के एनपीए बट्टा खाते में डाले गए, जो पिछले 10 वर्षों में सबसे कम है। 2023-24 के दौरान, बैंकों ने 1,70,270 करोड़ रुपये के लोन राइट ऑफ किए थे। उससे पिछले वित्तीय वर्ष में राइफ ऑफ किए गए 2,16,324 करोड़ रुपये से कम है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि बैंक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशा-निदेशों और बैंकों के बोर्ड की ओर से अनुमोदित नीति के अनुसार गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) को बट्टा खाते में डालते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की बट्टे खाते में डालने से उधार लेनेवालों देनदारियों में छूट नहीं मिलती है और इसलिए उसे इससे कोई लाभ नहीं होता है। उन्होंने कहा कि बैंक अपने पास उपलब्ध विभिन्न वसूली तंत्रों के तहत उधारकताओं के विरुद्ध शुरू की गई वसूली की कार्रवाई जारी रखते हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर, 2024 तक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में 29 ऐसी कंपनियां थीं, जिन्हें एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है और उनमें से प्रत्येक पर 1,000 करोड़ रुपये और उससे अधिक का बकाया है। इन खातों में कुल बकाया 61,027 करोड़ रुपये था।



### लोन राइट-ऑफ करने का मतलब?

जब कोई बैंक या वित्तीय संस्था यह मान लेती है कि कोई उधार लिया गया पैसा (लोन) अब वापस नहीं आएगा, तो वह उसे अपने बहीखाता से हटा देती है। इसे ही राइट ऑफ करना कहते हैं। लोन राइट-ऑफ का मतलब यह नहीं है कि उधार माफ हो गया, बल्कि यह सिर्फ एक अकाउंटिंग प्रोसेस है जिससे बैंक अपने नुकसान को स्वीकार कर लेता है, लेकिन फिर भी रिकवरी की कोशिश जारी रखता है। इसे सिर्फ खातों से हटा दिया जाता है ताकि बैलेंस शीट साफ दिखे।

### बॉम्बे हाईकोर्ट: महिला की तस्वीर के 'अवैध' इस्तेमाल पर केंद्र और चार राज्यों को नोटिस

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सरकारी विज्ञापनों में एक महिला की तस्वीर का उसकी सहमति के बिना अवैध इस्तेमाल और उसके ₹व्यावसायिक शोषण₹ की निंदा की है। साथ ही, अदालत ने केंद्र और चार राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। महिला नम्रता अंकुश कवले ने अपनी याचिका में कहा कि एक फोटोग्राफर, जो कि एक परिचित है, की ओर से ली गई उसकी तस्वीर को उसकी सहमति और जानकारी के बिना 'शटरस्टॉक डॉट कॉम' वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया।

था। उन्होंने आरोप लगाया कि तब से इस फोटो का इस्तेमाल महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और ओडिशा की राज्य सरकारों और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और कुछ निजी संस्थाओं की ओर से अपनी वेबसाइटों, होर्डिंग्स और अन्य विज्ञापनों में अनधिकृत रूप से किया जा रहा है। न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की खंडपीठ ने 10 मार्च को अपने आदेश में कहा कि याचिका में उठाए गए मुद्दे इलेक्ट्रॉनिक युग और सोशल मीडिया के समकालीन समय को देखते हुए काफी गंभीर हैं। उच्च न्यायालय ने कहा, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि यह याचिकाकर्ता की तस्वीर का व्यावसायिक उपयोग है।

## थोक महंगाई दर में मामूली बढ़त

# जनवरी के 2.31% से बढ़कर 2.38% पर पहुंचा डब्ल्यूपीआई

**नई दिल्ली।** फरवरी में थोक मूल्य मुद्रास्फीति दर यानी थोक महंगाई दर बढ़कर 2.38 प्रतिशत हो गई। जनवरी में यह 2.31 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी, 2025 में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, खाद्य वस्तुओं, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं और कपड़ा निर्माण आदि के विनिर्माण की कीमतों में वृद्धि के कारण है। एक सर्वेक्षण में अर्थशास्त्रियों ने थोक मूल्य मुद्रास्फीति 2.36% रहने का अनुमान लगाया था। थोक खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी में 7.47% से घटकर पिछले महीने 5.94% हो गई। प्राथमिक वस्तुओं की मुद्रास्फीति जनवरी में 4.69 प्रतिशत से घटकर फरवरी में 2.81 प्रतिशत हो गई।

इस बीच, ईंधन और बिजली की थोक कीमतों में पिछले महीने 0.71 प्रतिशत की कमी आई, जबकि जनवरी में इसमें 2.78 प्रतिशत की कमी आई थी। विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में फरवरी में 2.86 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले महीने इसमें 2.51 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। केंद्र की ओर से इस महीने की शुरूआत में जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में सात महीने के निचले स्तर 3.61% पर आ गई, जो जनवरी में 4.31% थी। गिरावट मुख्य रूप से खाद्य कीमतों में कमी के कारण हुई, जिसमें खाद्य मुद्रास्फीति- जो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) बास्केट का लगभग आधा हिस्सा है- जनवरी में 5.97% से फरवरी में गिरकर 3.75% हो गई।



# न्यूयॉर्क में भारतीय मूल की चार महिलाओं का सम्मान

**नई दिल्ली।** एफएआई की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं और इस कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए इन महिलाओं को सम्मानित किया गया। न्यूयॉर्क में महिला दिवस पर भारतीय मूल की चार प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित किया गया। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और ह्यफेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन (एफआईए) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मूल की चार प्रतिष्ठित महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। सम्मानित की गई महिलाओं में जे.पी. मॉर्गन में सलाहकार और विलय एवं अधिग्रहण की वैश्विक प्रमुख अनु अयंगर, ए-सीरीज मैनेजमेंट एंड इन्वेस्टमेंट्स की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं संस्थापक अंजुला अचारिया, एलडीपी वेंचर्स की सीईओ एवं संस्थापक तथा ह्यविमेंस एंटरप्रेन्योरशिप डे ऑर्गेनाइजेशन की संस्थापक वेंडी डायमंड और सीएनबीसी की पत्रकार एवं प्रस्तोता सीमा मोदी शामिल हैं। पिछले सप्ताह सम्मान दिया गया

न्यूयॉर्क में पिछले सप्ताह सातवें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में भारतीय महावाणिज्य दूतावास की ओर से इन्हें सम्मान दिया गया। एफएआई की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं और इस कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए इन महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया अन्नपूर्णा देवी ने अपने भाषण में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।



## उद्योगपति गौतम अदाणी और राजेश अदाणी, विनियमन उल्लंघन मामले में बरी



**नई दिल्ली।** गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) ने 2012 में अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) और इसके प्रमोटर्स गौतम अदाणी और राजेश अदाणी के खिलाफ मामला शुरू किया गया था। इस दौरान एक आरोप पत्र दायर कर उन पर आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। अब बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस मामले में गौतम अदाणी और राजेश अदाणी को बरी कर दिया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

बॉम्बे हाईकोर्ट से सोमवार को अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी और प्रबंध निदेशक राजेश अदाणी को बड़ी राहत मिली। दोनों को करीब 388 करोड़ रुपये के बाजार नियमन के कथित उल्लंघन के मामले से बरी कर दिया गया। गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) ने 2012 में अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) और इसके प्रमोटर्स गौतम अदाणी और राजेश अदाणी के खिलाफ मामला शुरू किया गया था। इस दौरान एक आरोप पत्र दायर कर उन पर आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। 2019 में, दोनों उद्योगपतियों ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की, जिसमें उसी वर्ष के सत्र अदालत के आदेश को रद्द करने की मांग की गई, जिसमें उन्हें मामले से मुक्त करने से इनकार कर दिया गया था।

सोमवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आरएन लड्ढा की एकल पीठ ने सत्र अदालत के आदेश को रद्द कर दिया और दोनों को मामले से बरी कर दिया। विस्तृत आदेश की प्रति बाद में उपलब्ध होगी। दिसंबर 2019 में उच्च न्यायालय ने सत्र अदालत के आदेश पर रोक लगा दी और इसे समय-समय पर बढ़ाया गया। 2012 में, एसएफआईओ ने अदाणी सहित 12 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया।

## नोएडा में पिस्टल लेकर बनाई रील, पुलिस ने लिया एक्शन, गिरफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** एक युवक ने हाथ में पिस्टल लेकर रील बनाई। इस रील के वायरल होने के बाद थाना सेक्टर 49 की पुलिस ने एक्शन लेते हुए कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी का शांतिभंग में चालान कर गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो से फोटो लेकर कुछ लोगों ने मामले में जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जितेन्द्र कुमार सिंघल उर्फ जितेन्द्र सिंघल पुत्र श्री ओम प्रकाश सिंघल निवासी द्वितीय ए 187 / 1 नेहरू नगर तहसील व जिला गाजियाबाद, जितेन्द्र कुमार सिंघल और जितेन्द्र सिंघल दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है,जो कि मेरे है। मुझे इन दोनों नामो से जाना व पहचाना जाए।

**बधाई**



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा महानगर अध्यक्ष बनने पर भाजपा नेता अश्विनी शर्मा ने मयंक गोयल को गर्मजोशी से बधाई दी। उनकी यह बधाई इस बात कर अहसास करा रही थी कि इस ताजपोशी से उनकी कितनी खुशी मिली है।

## राशिफल

- **मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।
- **वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।
- **मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।
- **कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।
- **सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।
- **कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।
- **तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।
- **वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।
- **धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।
- **मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।
- **कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।
- **मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

मोनू अपने दोस्त को समझा रहा था कि जो अमृत पीते हैं, उन्हें देव कहते हैं।
जो विष पीते हैं, उन्हें महादेव कहते हैं।
और जो गुस्सा पीते हैं, उन्हें 'पतिदेव' कहते हैं।

---

पापा नाश्ता कर रहे थे और अचानक फोन बजा...
पापा- मेरे ऑफिस से होगा, पूछे तो बोल देना मैं घर पर नहीं हूं।
बेटी (फोन उठकर)- पापा घर पर ही हैं।
पापा- अरे मैंने तो कहा था कि मना कर देना।
बेटी- अरे, फोन मेरे लिए था।

---

मिंटू- भाई मुझे हाथ देखना आता है।
चिंटू- अच्छा मेरा देख जरा।
मिंटू- तुम्हारी हस्तरेखा बताती है कि तुम्हारे घर के नीचे बहुत धन है।
चिंटू- ठीक कहा आपने, मेरे घर के नीचे बैंक की ब्रांच है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

**दैनिक करंट क्राइम**

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)


श्री मयंक गोयल जी को
गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष
बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
एवं
धन्यवाद!
राजीव त्यागी
ब्लॉक प्रमुख, भाजपा, मुरादनगर


श्री मयंक गोयल जी को
गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष
बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
एवं
धन्यवाद!
राम त्यागी
महानगर उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा
महानगर गाजियाबाद


श्री मयंक गोयल जी को
गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष
बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
एवं
धन्यवाद!
सचिन डेढ़ा
महानगर अध्यक्ष,
युवा मोर्चा भाजपा, गाजियाबाद


मा. मयंक गोयल जी
को भारतीय जनता पार्टी, गाजियाबाद
महानगर अध्यक्ष
बनने पर हार्दिक बधाई एवं
शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार
मयंक गोयल
महानगर अध्यक्ष
ओम दत्त कौशिक
(एडवोकेट)
पूर्व राजनगर मंडल अध्यक्ष (भाजपा) गाजियाबाद

# नवनियुक्त भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का समाजसेवी अजय गुप्ता ने किया स्वागत












**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजसेवी अजय गुप्ता ने अपने आवास पर मयंक गोयल का सैकड़ों लोगों की अगुवाई में ढोल-नगाड़ों के साथ सम्मान किया। इस मौके पर वीकेअग्रवाल, सुभाष गुप्ता, अशोक गोयल, मनवीर नागर, राजू छाबड़ा, मोहित गुप्ता, विपुल गुप्ता, पंकज गुप्ता, उमेश जिंदल,पवन सिंघल,प्रवीण रोहिल, विपिन गोयल, संजीव गोयल,सुनील गुप्ता, विनय सिंघल,अपूर्वा गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, अशोक कौशिक और अनेकों गणमान्य लोगों ने मयंक गोयल का स्वागत किया। आयुष गुप्ता पुत्र अजय गुप्ता ने मयंक गोयल को भगवान राम का प्रतीक चिन्ह देकर एवं पटका पहनकर सम्मानित किया। रमा गुप्ता ने मयंक गोयल के माथे पर तिलक लगाकर सम्मान किया।

## इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन करेगा भारत एक्सपो की मेजबानी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा भारत मंडपम, हॉल नं. 6ए नई दिल्ली में 19 से 21 मार्च 2025 तक बिल्ड भारत एक्सपो 2025 का आयोजन किया जा रहा है जिसका भव्य उद्घाटन समारोह केन्द्र एवं राज्य सरकार के कई गणमान्य मंत्री एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में 19 मार्च 2025 को सुबह 11 बजे से होना सुनिश्चित हुआ है। इस एक्सपो का उद्देश्य भारत और खासतौर से उत्तर भारत के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहित करना एवं विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में नवीनतम तकनीकों और व्यापारिक संभावनाओं को बढ़ावा देना है। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बताया कि विकसित भारत के निर्माण में लघु उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल ने बताया कि इसको सफल बनाने में भारत सरकार सहित उत्तर प्रदेश सरकार एवं दिल्ली सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है।

इस अवसर पर चैप्टर चेयरमैन, संजय अग्रवाल, सचिव हर्ष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग के अलावा विभिन्न पदाधिकारी एसके शर्मा, मनोज कुमार, जेपी कौशिक, राकेश अनेजा, संजय बंसल, यश जुनेजा, साकेत अग्रवाल, अमित नागलिया, शशांक गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, सीएस स्वरूप, अनिल कपूर, अमित बंसल, रमन मिगलानी, सुरेश कुमार, श्रृष्टि मित्तल, संदीप गुप्ता, दिनेश कुमार, अजय पटेल, ब्रिजेश गर्ग, राजीव चौहान, पीयूष गोयल, अमरिक सिंह, प्रमोद जॉन, नवीन धवन, राजेन्द्र कुमार, वीके सिंघल, मनीष मदान, विक्रम कौशिक, अंकित राज गर्ग, पुनीत माहेश्वरी, रितेश जैन, रोहित जैन, अभिषेक गुप्ता व नीरज गर्ग इत्यादि उपस्थित रहे।


## स्व. श्यामसिंह की स्मृति में आयोजित की गई कुश्ती प्रतियोगिता

### 51000 रुपए की आखिरी कुश्ती सिंटू पहलवान व सुमित पहलवान के बीच बराबर पर छूटी


**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भोपुरा में स्वर्गीय श्यामसिंह की स्मृति में दंगल का दूसरा आयोजित किया गया। इसमें दिल्ली, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तथा पंजाब के नामी पहलवानों ने जोर आजमाइश की। कुश्ती दंगल की शुरूआत कमेटी के अध्यक्ष पप्पू कसाना, देविन्दर कसाना, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भोपुरा ओमेन्द्र कसाना उर्फ डब्बी द्वारा लड्डुओं से प्रारंभ कराई गई। जो कि 100, 500, 1100, 2100, 5100, 11000, 21000 की करीब 8 दर्जन से अधिक कुस्तियों में पहलवानों ने दावपेंच दिखाएं। कुश्ती दंगल में आयोजित के दौरान म कमेटी अध्यक्ष ओमेंद्र कसाना उर्फ डाबी पहलवान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि दंगल हमारी संस्कृति की धरोहर है तथा इनके आयोजनों से आपसी प्रेम और सौहार्द की भावना पैदा होती है। मुख्य रूप से पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, म्हणनगर अध्यक्ष मयंक गोयल, द्रोणाचार्य अवार्ड सम्मानित राजकुमार पहलवान, पप्पू पहलवान, शीशपाल पहलवान पूर्व विधायक, ईश्वर मावी, सचिन भाटी, जगत कसाना, श्रीकेश प्रधान, पार्षद यशपाल पहलवान, अर्जुन नागर एकलव्य, मोहित, विनोद कसाना, संजय पहलवान, मनोज कसाना, अजीत दरोगा मौजूद रहे। इस दौरान कमेटी द्वारा विजेता पहलवानों को साफा बांधकर और इनाम देकर सम्मानित किया गया। आखिरी कुश्ती लड़ने के लिए 2 पहलवानों ने दावेदारी प्रस्तुत की। जिस पर कमेटी ने मौके पर ही विचार-विमर्श कर आखिरी कुश्ती 51000 रुपए की कराई। आखिरी कुश्ती का मुकाबला डगरपुर सिंटू पहलवान व खड़खडी सुमित पहलवान के बीच हुई जिसका काफी देर तक निर्णय नहीं होने पर रैफरी ने बराबरी पर छोड़ दिया।

### आत्मीय भेंट



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महानगर अध्यक्ष की ज़िम्मेदारी मिलने के बाद सोमवार को भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह से आत्मीय भेंट कर आशीर्वाद लिया। आगामी कार्ययोजना पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।




## क्या फिर बदलेंगे थानों में फेस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में होली का त्यौहार बीतने के बाद नई हवा और नया माहौल बनने की चर्चा शुरू हो गई है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि अगर प्रदेश वाली बड़ी लिस्ट जल्द ही आती है, तो फिर एक बार पुलिस कमिश्नरेट गााजियाबाद वाले सिस्टम में लगभग तीन से चार थानों के लिए कोई नया आदेश या कई के लिए कोई निर्देश सुनाया जा सकता है। वहीं सुनने में आ रहा है कि लखनऊ से चलने वाली तबादला एक्सप्रेस को लेकर चर्चा तेज है, पर कमिश्नरेटों पर क्या असर पड़ेगा, यह सस्पेंस अभी भी बना हुआ है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि कई थाना प्रभारियों की लिस्ट बनाई गई है। जिनको लंबा समय हो गया है, इसके साथ ही सिटी, देहात और ट्रांस हिंडन के कई कोतवाल ऐसे हैं, जिनको या तो अपग्रेड किया जाएगा या दूसरे जोन में बेस्ट प्लेस पर भेजा जा सकता है। पुलिस के सूत्रों से सुनने में आ रहा है कि देहात जोन के बिल्डर वाले इलाके के टू-स्टार ने सोमवार को जो हाई वोल्टेज सीन देखा है, उससे वह थोड़े टाइट हैं। हालांकि उनके साथ मौजूद खाकी वालों के काले चश्मे की कहानी अधिकारियों के मोबाइल स्क्रीन तक पहुंचे की सूचना मिली है। वहीं सूत्रों से सुनने में तो यह आ रहा है कि सिटी में एक से दो थाना प्रभारियों को अपग्रेड किया जा सकता है। वहीं दो की परी लंबी है और दो पारी को आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। उधर नदिया पार को लेकर चर्चा कम नहीं हो रही हैं। सुनने में आया है कि एक थ्री-स्टार जिस रफ्तार से चल रहे थे, उनपर आजकल उनके वाले एसीपी ने ब्रेक लगा दिए हैं। एसीपी का मामला ज्यादा मजबूत है, इसीलिए थाना प्रभारी ने रफ्तार थोड़ी स्लो करने में ही समझदारी समझी है। वहीं नदिया पार के पिंक सर्किल भी अभी ठीक ही चल रहे हैं। तो वहीं लगातार पिंक सर्किल में खुलासे भी हो रहे हैं। जिससे उनके जोन वाले साहब हैप्पी हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि अगर तबादले वाली एक्सप्रेस का कमिश्नरेट पर प्रभाव नहीं भी पड़ा, तो भी आने वाले कुछ दिनों में कई थाना प्रभारियों के फेस बदलने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। इसमें कुछ को इनाम मिलेगा, तो कुछ को सजा भी मिल सकती है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नवरात्रि से पहले एक बार फिर बदलाव वाला सीन थाना प्रभारी स्तर पर अवश्य आने की संभावना बनी हुई है।




## न्यूज डायरी

### सत्येन्द्र सिंह ने मयंक गोयल को दी बधाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा नेता व उत्थान समिति के चेयरमैन पर्यावरणविद् सत्येन्द्र सिंह ने भाजपा के नवनियुक्त महानगराध्यक्ष मयंक गोयल को बधाई दी। सत्येन्द्र सिंह सोमवार को अपने साथियों के साथ भाजपा महानगराध्यक्ष मयंक गोयल के नेहरुनगर स्थित आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने मयंक गोयल को पटका पहनाकर उन्हें पार्टी द्वारा नये महानगराध्यक्ष का दायित्व सौंपे जाने पर बधाई देते हुए अपना हर तरह का सहयोग देने बात कही। इस मौके पर भाजपा नेता व उत्थान समिति के चेयरमैन पर्यावरणविद् सत्येन्द्र सिंह के साथी अवधेश कटियार, अरुण त्यागी, महेश चौधरी, नरेन्द्र गुप्ता आदि थे।

### पं. आरडी शर्मा ने मयंक गोयल को दी बधाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को सोमवार को उनके आवास पर जाकर राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने भगवान परशुराम का प्रतीक चिन्ह फरसा भेंट करके महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद बनने पर अपनी शुभकामनाएं और बधाई दीं।

### रेड क्रॉस सोसायटी ने लगाया रक्तदान शिविर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के ग्राम मोरटा निवासी ऋषिराज त्यागी की स्व. धर्मपत्नी सुमित्रा देवी की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन हरि दत्त त्यागी व वीरेंद्र त्यागी द्वारा जिला ब्लड बैंक, गाजियाबाद के संयुक्त प्रयास से भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गाजियाबाद के तत्वाधान में रविवार को किया गया। रक्तदान शिविर में लगभग 80 प्रतिभागियों ने रक्तदान करने की इच्छा जताई लेकिन 62 प्रतिभागी ही पात्रता के अनुसार रक्तदानी बन सके। शिविर की सफलता का मुख्य श्रेय डॉ अंशुल चौधरी एवं विनोद कुमार के नेतृत्व में लगी टीम को जाता है। सभी रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करने के लिए रेड क्रॉस से राकेश गुप्ता, डी सी बंसल, छोटे लाल कनौजिया, मनोज अग्रवाल, सुनील त्यागी व मांगेराम त्यागी के साथ-साथ समस्त ग्राम वासियों का पूरा-पूरा समर्थन मिला। सभापति डॉ सुभाष गुप्ता ने बताया कि अब रेडक्रॉस गाजियाबाद की टीम पूर्ण रूप से परिपक्व हो चुकी है क्योंकि आज एक ऐसा मौका था जब रेड क्रॉस का कोई भी शीर्ष अधिकारी सेवा कार्य स्थल पर नहीं था।

### अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी ने मयंक गोयल को दी महानगर अध्यक्ष बनने पर बधाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के नवनियुक्त गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। साथ में पार्षद रवि भाटी, कालीचरण पहलवान पार्षद, भोपाल यादव, अशोक,दीपक मिश्रा, सोनू चौधरी, अशोक शिशोदिया, सोमनाथ चौहान,कैलाश भट्ट, मुकेश, राजेंद्र सोलंकी इत्यादि कार्यकर्ताओं ने मिलकर बधाई दी एवं उज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम में सांसद मनोज तिवारी को पप्पू पहलवान ने किया निमंत्रित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने शहीद स्थल पर एक शाम शहीदों के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम मे सांसद मनोज तिवारी को निमंत्रण दिया। समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के साथ लोकप्रिय सांसद मनोज तिवारी के निवास पर जाकर 23 मार्च को शहीद दिवस के अवसर पर हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम एक शाम शहीदों के नाम के लिए निमंत्रण दिया। साथ में दिलशाद गार्डन के पार्षद वीर सिंह पंवार, प्रतीक माथुर, मनोज कसाना, अनिल भड़ाना उपस्थित रहे।

## सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में नि:शुल्क जांच और टीकाकरण शिविर आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रेखा देवी मेमोरियल अस्पताल, डासना द्वारा राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर सोमवार को सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में छोटे बच्चों के लिए एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. यश ने टीकाकरण के महत्व के बारे में भी जानकारी दी और उन्हें बच्चों को सभी आवश्यक टीके समय पर लगवाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। इस शिविर के आयोजन के लिए रेखा देवी मेमोरियल अस्पताल को सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल ने धन्यवाद दिया। रेखा देवी मेमोरियल अस्पताल के आयोजकों ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य प्रदान करना है। सुन्दरदीप वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य सपना अहलावत ने कहा, हम बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### बाल किशन गुप्ता टीम ने दी मयंक गोयल बधाई



गाजियाबाद, करंट क्राइम। राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारीगण जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव राष्ट्रीय व्यापार मंडल व मीडिया प्रभारी भाजपा प्रदीप चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित अशोक भारतीय, भाजपा नेता व प्रदेश महामंत्री राष्ट्रीय व्यापार मंडल सौरभ यादव ने सोमवार को भाजपा के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व महापौर स्वर्गीय दमयंती गोयल के सुपुत्र मयंक गोयल के महानगर अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पुष्पगुछ देकर, मिठाई खिलाकर व शॉल उढ़ाकर बधाई दी और सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की,तरक्की प्रगति की कामना की और अपने सहयोग की पेशकश की।

### बधाई



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता ने उनके निवास पर जाकर बधाई दी।

### बधाई



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मयंक गोयल को शीर्ष नेतृत्व के द्वारा भाजपा महानगर अध्यक्ष बनाये जाने पर राज नगर मंडल के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक एडवोकेट ने बधाई प्रेषित की।

### शुभकामना



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मयंक गोयल को शीर्ष नेतृत्व के द्वारा भाजपा महानगर अध्यक्ष बनाये जाने पर गाजियाबाद सहकारी क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सारस्वत ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।


श्री मयंक गोयल जी को
गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष
बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
एवं
धन्यवाद!
सरदार सिंह भाटी
पूर्व निगम पार्षद, गाजियाबाद
रवि भाटी
भाजपा नगर निगम पार्षद, गाजियाबाद


श्री मयंक गोयल जी को
गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष
बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
एवं
धन्यवाद!
पंकज भारद्वाज
महानगर अध्यक्ष, किसान मोर्चा भाजपा, गाजियाबाद


श्री मयंक गोयल जी को
गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष
बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
एवं
धन्यवाद!
ललित कश्यप
पूर्व पार्षद


श्री मयंक गोयल जी को
गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष
बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
एवं
धन्यवाद!
रनिता सिंह
महानगर उपाध्यक्ष भाजपा गाजियाबाद


श्री मयंक गोयल जी को
गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष
बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
एवं
धन्यवाद!
सुभाष छाबड़ा
महानगर अध्यक्ष
राजू छाबड़ा
युवा प्रदेश उपाध्यक्ष


श्री मयंक गोयल जी को
गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष
बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
एवं
धन्यवाद!
प्रवीण भाटी
अध्यक्ष व्यापार मंडल साहिबाबाद एवं सदस्य
कार्यकारिणी महानगर भाजपा गाजियाबाद
कविता भाटी
नगर निगम पार्षद,
भाजपा, गाजियाबाद


श्री मयंक गोयल जी को
गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष
बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
एवं
धन्यवाद!
प्रदीप चौहान वाल्मीकि
पूर्व पार्षद एवं क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा पश्चिम क्षेत्र

# पांचों जोन में 1419 पार्कों को व्यवस्थित कर रहा निगम

## पार्कों की नियमित सफाई हेतु मॉनिटरिंग बढ़ाए विभाग : नगर आयुक्त




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम शहर को हरा भरा बनाए रखने के क्रम में लगातार कार्यवाही बढ़ा रहा है जिसमें उद्यान विभाग द्वारा पांचों जोन के अंतर्गत 1419 पार्कों का नियमित रखरखाव किया जा रहा है। कवि नगर जोन अंतर्गत 327 पार्क, विजयनगर जोन अंतर्गत 178 पार्क, सिटी जोन अंतर्गत 250 पार्क, मोहन नगर जोन अंतर्गत 177 पार्क तथा वसुंधरा जोन अंतर्गत 393 पार्क को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नियमित बेहतर करने की कार्यवाही जारी है इसके अलावा इंदिरापुरम क्षेत्र में 94 पार्कों का रखरखाव अलग से किया जा रहा है जिसके लिए निविदा की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है, 806 मालियों की टीम शहर को हरा-भरा बनाने में जुटी हुई है नियमित पेड़ पौधों को पानी देना, पेड़ पौधों की आवश्यक छटाइ करना, व अन्य आवश्यक कार्य टीम के द्वारा किए जा रहे हैं जिसकी मॉनिटरिंग प्रबल करने के निर्देश नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा उद्यान विभाग को दिए गए हैं। उद्यान विभाग द्वारा ग्रीन बेल्ट सेंट्रल वर्ज व पार्कों को व्यवस्थित करने के लिए आवश्यकता को देखते हुए उपकरणों की व्यवस्था भी की गई है जिसमें प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज द्वारा इंदिरापुरम क्षेत्र के लिए ट्री पूनिंग मशीन टीम को दी गई है, जिसमें पेड़ों की छटनी का कार्य आवश्यकता को देखते हुए किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। 133 पाइप, 8 लोन मूवर टीम को दिये गए हैं, इसके अलावा फावड़े तथा कटर भी मालियों को दिए गए हैं। डॉ अनुज द्वारा बताया गया कि पेड़ों की कटिंग को किस प्रकार किया जाना है इसकी ट्रेनिंग भी समय-समय पर हेड मालियों को दी जा रही है। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले पार्क में पेड़ों को पानी की आपूर्ति करने के लिए 1068 समरसेबल भी पार्कों में लगे हुए हैं जिनको चला कर नियमित पेड़ों को पानी दिया जा रहा है।

ग्रीष्म ऋतु शुरू होने से पूर्व 15 दिन के भीतर सभी नलकूप पूर्ण रूप से चल रहे हो रिपोर्ट मांगी गई है साथ ही पेड़ पौधों में पानी का छिड़काव समय-समय पर हो मॉनिटरिंग करने के लिए कहा गया है। गाजियाबाद नगर निगम जनप्रतिनिधियों के विशेष सहयोग से शहर को हरा भरा बनाने में लगातार बेहतर कार्य कर रहा है जिसके क्रम में कई ऐसे स्थान जहां पर निगम की रिक्त भूमि है वहां पौधारोपण का कार्य भी कर रहा है। पतझड़ के मौसम में उद्यान विभाग टीम लगातार साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें टीम को निर्देश दिए गए हैं।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये बात अब मार्किट में हो रही है आम? क्या गर्ग साहब के प्रिय मिस्टर कुशवाहा बना पायेंगे मयंक भैया की कमेटी में स्थान? कहने वाले ने कहा गर्ग साहब ने चलाया था पूरी मजबूती से इनका अध्यक्ष वाली मुहिम में नाम? कहने वाले ने कहा कम से कम महामंत्री वाले पद पर मिलना चाहिए इनको स्थान? देखना अब ये है कि ये करेंगे इस बार कुछ प्रयास? या फिर इनके मन में है सिर्फ अध्यक्ष बनने की ही आस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता है कि गर्ग साहब लाईन खींच कर करते हैं काम? वो आत्मसम्मान को देते हैं प्रमुख सम्मान? फिर चाहे हो जाये कितना भी नुकसान? कहने वाले ने कहा कि बस उनकी इस अदा का जब भी आता है हमको ध्यान? हम बदल देते हैं उनके पास अपने जाने का प्लान? हमें लगता है गोयल साहब से वो नहीं करेंगे हमारी पैरोकारी? नहीं पेश करेंगे वो किसी भी तरह की उनसे रायशुमारी? इसलिए हमने सिफारिश का सिलसिला कर दिया है किसी और लेवल पर जारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी थी फेसबुक पर नजर? वहां पर हुए हमें गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर के दीदार? अध्यक्ष जी को मित्र बताकर वो कर रहे थे भूमिका तैयार? कहने वाले ने कहा उनकी भूमिका का ना जाने कैसे बनेगा फसाना? क्योंकि गोयल साहब के दिल में तो राज करते हैं नदिया पार के मिस्टर कसाना? आपस में बहुत है दोनों परिवारों का आना जाना? संगठन में हमें तो नागर जी से ज्यादा दिख रहा है ओबीसी फैक्टर पर कसाना का मौसम सुहाना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे फार्म हाऊस पर महानगर अध्यक्ष की घोषणा वाले कार्यक्रम में मौजूद? यहां पर नजर आ रहा था हमें सभी महानमंत्रियों का वजूद? जैसे ही मयंक भैया के नाम की घोषणा हुई, वैसे ही बाहर आ गये एक महानमंत्री के उद्गार? उन्होंने कहा अब हम यहां बैठ कर क्या करेंगे? हम तो चले, जो होना था हो गया यार? अब यहां रूक कर कौन सा हो जायेगा चमत्कार? अब तो कुछ और ही करने का हमने इरादा कर लिया है तैयार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही भाजपा के महिला दिवस वाले कार्यक्रम को सम्पन्न हुए बीत गया हो हफ्ते भर का टाईम? मगर जो भगवा महिला पार्षदों के मुख से आवाजें सुनाई दे रहीं हैं, वो हमको नहीं लग रही हैं फाईन? कार्यक्रम के बाद लगातार सुनाई दे रही हैं ये आवाज? महिला पार्षद कह रहीं है हमें कार्यक्रम में क्यों बुलाया गया? हमें अभी तक समझ नहीं आ रहा साहब? ना ही मन से नाम लिया, ना ही किया हमारा बुलाकर सम्मान? हमें समझ ही नहीं आ रहा था क्यों रखा रखने वालों ने महिला दिवस पर ये प्रोग्राम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें हुआ है उस वक्त इस बात का पहली बार ज्ञान? कौन सा पत्थर ला सकता है जीवन में खुशियां, कौन सा ला सकता है तूफान? सांवरिया जी के प्रिय गर्ग की इस कुशलता को देख कर हो गये हम हैरान? उनको एक-एक नग का है बारिकी से ज्ञान? हाथों में पहनी हुई अंगूठियों से वो लगा लेते हैं भविष्य का अंदाजा? हम तो सलाह देते हैं एक बार कर लो अपना अप्वाईंटमेंट फिक्स? अगर आपको बनना है भगवागढ़ में राजा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने देखा बहुत ही मुस्कुराकर दी भगवा मास्टर जी ने मयंक भैया को अध्यक्ष वाली बधाई? मगर जैसी मुस्कुराहट गोयल साहब ने बिखेरनी थी, वैसी मुस्कुराहट हमें नहीं दी फोटो में दिखाई? कहने वाले ने कहा कि इस बार भगवा मास्टर को जरूर मिलेगा संगठन में बड़ा रोल? आखिर एक समय वो थे बड़े सलाहकार? उनके पुराने किरदार की वजह से जरूर करेंगे मयंक भैया मास्टर जी के नाम पर विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूं तो कई चेहरे भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल की टीम में आने का करेंगे प्रयास? मगर यहां पर कर रहे हैं हम एक ऐसे नाम की चर्चा? जिसका नाम समाज सेवा में गिना जाता है बहुत ही खास? कहने वाले ने कहा समाज सेवी एवं भाजपा नेता सतेन्द्र सिंह को अगर मिलेगा संगठन में मौका? तो वो जरूर दिखायेंगे अपनी मजबूती का झोंखा? अपनी मजबूती से वो अपने लीडर को भी करेंगे मजबूत? किए हैं उन्होंने तमाम समाजिक कार्यक्रम, ये कार्यक्रम है उनकी मजबूती का सबूत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा महानगर के आलोक में अचानक हो गई कुछ ऐसी बात? सुना है आ गया था एक मंडल वालों को जोश? और उन्होंने कह दिये कुछ अल्फाज? इन अल्फाजों में सुनाई दे रही थी कुछ हिसाब किताब की किताबों की बात? इस बात ने कार्यालय की गतिविधि देखने वालों को भी हैरान कर दिया बेहिसाब? सुना है अब ये चर्चा आ गई है बाहर? देखना अब ये है एम जी भैया क्या करते है इस पर विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम देना चाहते हैं मयंक भैया की टीम में आने वाले दावेदारों को सलाह? भले ही भगवा कमांडर पूर्व हो गये हैं, मगर अभी भी उनकी टीम के पास है वर्तमान वाली पॉवर? जब तक नई घोषणा नहीं हो जाती, तब तक ये टीम ही नजर आयेगी मयंक भैया के साथ? ऐसे में सभी इनके साथ मिलकर काम करें? ना जाने कब कौन बन जाये इनमें से रिपीट होकर फिर से सरताज?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# 'बेहटा नहर रोड' चौड़ीकरण एवं नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ

## सांसद अतुल गर्ग, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, बागपत विधायक योगेश धामा ने किया उद्घाटन



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी में बहुप्रतीक्षित 'बेहटा नहर रोड' के चौड़ीकरण एवं नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ सोमवार को गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर एवं बागपत विधायक योगेश धामा द्वारा किया गया। 13.99 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले मार्ग निर्माण के शुभारंभ से पहले स्थानीय लोगों ने खुशी जताई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगरपालिका भाजपा दल अध्यक्ष रोहित भारद्वाज, सभासद टीटू भाटी, सभासद रोहित चौहान, सभासद विनीता अश्विनी सिंह, सभासद अंकुश जैन, सभासद अमित तोमर, सभासद धर्मवती राजेन्द्र, सभासद रूपेंद्र चौधरी, सभासद मांगेराम मावी, सभासद अंजली मोहन शर्मा, सभासद देवेंद्र पाल, सभासद विशाल धामा, सभासद कृष्ण बंसल, सभासद सतेंद्र बंसल, मंडल अध्यक्ष देहात मनीष चौहान, मंडल अध्यक्ष परशुराम मंडल जितेंद्र गुप्ता, अखिल ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र भारद्वाज, क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष बृजपाल राघव, स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, रेल मंत्रालय सदस्य विजय बहादुर, वीएचपी संयोजक हरदीप समेत भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, सामाजिक संगठन व हजारों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। मार्ग निर्माण में लोक निर्माण विभाग जनपद गाजियाबाद के अधिशासी अभियंता रामराजा, सहायक अभियंता मनवीर सिंह, डीके शर्मा, अवर अभियंता नकुल कौशिक, गुलाब सिंह भाटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जिला सेवायोजन कार्यालय में दिया जाता है निःशुल्क प्रशिक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला सेवायोजन कार्यालय, कचहरी परिसर गाजियाबाद में स्थित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में सोमवार को एक वर्षीय (कार्यालय प्रबन्धन प्रशिक्षण) में सामान्य ज्ञान, हिन्दी भाषा, कम्प्यूटर एवं आशुलिपि (स्टेनो ग्राफी) एवं सामान्य गणित का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता हैं। अनुसूचितजाति, अनुसूचितजनजाति के प्रशिक्षणार्थियों को 200 रु० मासिक छात्रवृति भी प्रदान की जाती है।

**प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अर्हताएं एवं विवरण निम्नवत है**

1-सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत।
2-शैक्षिक योग्यता-हाईस्कूल में अग्रेजी विषय अनिवार्य, इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण।
3-आयु सीमा 18 से 35 वर्ष।
4-आरक्षण अनुसूचितजाति, अनुसूचितजनजाति 75 प्रतिशत एवं अन्य पिछडा वर्ग 25 प्रतिशत।
5-साक्षात्कार तिथि-अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग 29 मार्च, 2025 को सम्पन्न कराया जायेगा।

उक्त प्रशिक्षण में इच्छुक महिला/पुरुषअभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 01/03/2025 से 28/03/2025 तक जिला सेवायोजन कार्यालय, कचहरी परिसर गाजियाबाद में स्थित शिक्षण एव मार्गदर्शन केन्द्र के कमरा संख्या-15 में जमा कर सकते हैं।

**बधाई**




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। उद्योग व्यापार मंडल के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता अनिल अग्रवाल सावंरिया ने भाजपा का महानगर अध्यक्ष बनने पर मयंक गोयल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक कर्मठ कार्यकर्ता को ये दायित्व देकर कार्यकर्ताओं का मान और मनोबल बढ़ाने का कार्य किया है।

# पार्षद रुखसाना सैफी ने पानी की समस्या को लेकर जिलाधिकारी को लिखा पत्र



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 95 की पार्षद रुखसाना सैफी ने रविवार को जिला अधिकारी को पानी की समस्या को लेकर पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा बार-बार वार्ड संख्या-95 की जनहित की समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम के समस्त अधिकारियों को समय-समय पर अवगत कराया जा रहा है। लेकिन आज तक किसी भी समस्या का समाधान नही किया गया। उन्होंने कहा कि रमजान का पवित्र माह चल रहा है, क्षेत्र के लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं।

नगर निगम रोजेदारों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। वार्ड में कई जगह पानी नहीं आ रहा है, और जिस जगह पानी आ रहा है वहां पानी गंदा बदबूदार रेत मिट्टी वाला आ रहा है। वार्ड के अधितर नलकूप काफी समय से खराब है, जिनको रिबोर नहीं किया जा रहा है।

वार्ड की सड़कों, गलियों में गहरे गड्ढे हुए पड़े है और रास्ते क्षतिग्रस्त हो रहे है। जनहित की समस्याओं के समाधान के लिए अनुरोध किया जाता है। रुखसाना सैफी ने कहा कि महिला पार्षद होने के नाते मेरा अपमान कर मेरे क्षेत्र की जनता की समस्याओं अनदेखी की जाता है। जबकि देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री महिला उत्थान और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहे हैं। और महिलाओं के सम्मान की लड़ाई लड़ रहे हैं। लेकिन उसके विपरीत नगर निगम गाजियाबाद के अधिकारियों द्वारा मुझे महिला पार्षद होने के नाते अपमानित किया जा रहा है। ओर वार्ड की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है।

**चिन्टू जी**




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# महिलाओं से जेवर और लोगों को सऊदी रियाल के नाम पर ठगने वाले दो



# गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कलम और इमरान महिलाओं को पुलिस चेकिंग का डर दिखाकर जेवरात लूटते थे। साथ ही लोगों को सऊदी रियाल देने के नाम पर ठगी भी करते थे। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल के अनुसार, आरोपियों से 2 लाख रुपए नकद, सोने की अंगूठी और कान के टॉप्स बरामद हुए हैं। पूछताछ में कलम ने बताया कि दो महीने पहले 80 फुटा रोड शालीमार गार्डन के पास एक महिला से दो अंगूठी, कान के टॉप्स और एक गले की चेन ली थी। इनमें से एक अंगूठी और चेन बेच दी गई थी। आरोपियों ने अपनी महिला साथी रेशमा के साथ मिलकर एक व्यक्ति से सऊदी रियाल देने के नाम पर 2.5 लाख रुपए की ठगी की थी। इस रकम में से 2 लाख रुपए बरामद हुए हैं। रेशमा अभी फरार है। पुलिस जांच कर रही है कि




**दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे**




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये मयंक गोयल का व्यक्तित्व है और ये अजय कुमार के दिल के जज्बात हैं जो शब्दों का रूप लेकर फेसबुक पोस्ट पर आए। अजय कुमार ने मयंक गोयल को बधाई शुभकामनाए दी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# अयोध्या : जून तक पूरा तैयार हो जाएगा राम मंदिर





**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट (न्यास) की बैठक में भविष्य की योजनाओं पर गहन विचार विमर्श हुआ। मन्दिर निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई और शेष कार्यों को पूर्ण करने का संभवित समय बताया गया।

न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास जी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 12 ट्रस्टी सम्मिलित हुए। इसमें चार आनलाइन जुड़े। दो शासकीय कार्यों के कारण अनुपस्थित रहे। एक ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल का देहावसान हो चुका है। स्वर्गीय कामेश्वर तथा राम मन्दिर के मुख्य पुजारी रहे आचार्य सत्येन्द्र दास को बैठक में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मणिराम छावनी में हुई बैठक के बाद ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय एवं ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र ने पत्रकारों को विस्तार से जानकारी दी।

महामंत्री ने बताया कि ट्रस्ट के गठन से अब तक के पांच वर्षों में ट्रस्ट ने विभिन्न मदों में सरकार की विभिन्न एजेंसियों को 396 करोड़ रुपए का भुगतान किया है।

इसमें जीएसटी, टीडीएस, रायल्टी, नक्शा बनवाई, भूमि क्रय की स्टाम्प ड्यूटी, बिजली बिल समेत अन्य तरह के भुगतान हैं।

महामंत्री चम्पत राय ने बताया कि मन्दिर निर्माण 96 प्रतिशत पूरा हो गया है। जून तक यह परिपूर्ण हो जाएगा। सप्तर्षि मन्दिरों में भी इतना ही कार्य हो चुका है। मई तक यह भी तैयार हो जाएगा। शेषावतार मन्दिर में चालीस प्रतिशत काम हुआ है। संत तुलसीदास मन्दिर पूर्ण होकर प्रतिमा स्थापन हो चुका है।

रामनवमी को मानस जयन्ती पर लोकार्पण के पश्चात श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। बाकी मन्दिरों में अक्षय तृतीया पर मूर्ति स्थापना की योजना है। न्यास महामंत्री ने चढ़ावे में रामलीला को मिली 944 किलो चांदी, इसे टकसाल में डलवाने और सिल्लियों का रूप देकर बैंक लाकर में रखवाने के बारे में भी बताया। उन्होंने कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज की कथा के आयोजन के संबंध में भी बताया और अन्न क्षेत्र (भंडारा) प्रारम्भ करने पर बनी सहमति के बारे में भी जानकारी दी।

## हमने सरकार को 400 करोड़ का टैक्स दिया : चंपत राय

### रोजगार के अवसर बढ़े



अयोध्या : अयोध्या श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने पाञ्चजन्य के महाकुंभ-2025 पर मंथन कार्यक्रम में उन लोगों को जबाव दिया जो ये कहते हैं कि मंदिर बनने से क्या रोजगार और व्यवसाय होते हैं। उन्होंने बताया कि 2020 में अयोध्या में राम मंदिर की शुरूआत से श्रद्धालुओं की आवक में बढ़ोत्तरी हुई। पिछले एक साल में 4 करोड़ लोगों ने अयोध्या के दर्शन किए। 5 फरवरी 2020 से 5 फरवरी 2025 के बीचे राम मंदिर ट्रस्ट ने ही अकेले करीब 400 करोड़ का टैक्स सरकार को दिया।

इसमें से 270 करोड़ तो केवल जीएसटी था। चंपत राय ने कहा कि 2020 में जब सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर मंदिर निर्माण का रास्ता साफ हो गया तो अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में सहज रूप से वृद्धि हो गई। पहले तो ये संख्या 7,000 तक बढ़ी। बाद में ध्यान में आया कि अब आगंतुकों की संख्या 25,000 तक हो गई है। लेकिन, 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर पर भगवान रामलला के 5 वर्ष के बालक की मूर्ति स्थापित हुई तो संख्या में एक झटके में वृद्धि आ गई। और प्रतिदिन के हिसाब से देखें तो अयोध्या में हर दिन करीब 75,000 श्रद्धालु आने लगे। शनिवार और मंगलवार को ये संख्या एक लाख पहुंच जाती है।

पिछले एक साल में करीब 4 से साढे चार करोड़ लोगों ने अयोध्या के दर्शन किए। 2011 की जनगणना के आंकड़े की अगर बात करें तो शायद ये 60,000 के आसपास है। 2011 तक अयोध्या नगर निगम नहीं था, लेकिन आज ये नगर निगम है। अयोध्या एक छोटा सा टेंपल टाउन है और मैं वहीं तक सीमित हूं। लेकिन कार्पोरेशन बनने से अयोध्या प्रभावित नहीं हुई। इस छोटी सी अयोध्या के लिए बातों को सही रूप में शासन में समझा गया। वहां सुधार होने शुरू हुए वो है सफाई। पहले एक मेले के बाद लोग चले जाते थे और गंदगी वहीं कि वहीं। लेकिन अब ये बदल गया है। दूसरी बात सरयू के बगल से एक छोटी सी नहर निकाली गई और पंपिंग के द्वारा उसमें सरयू का जल डाला जाता है। पहले ये ऐसे ही पड़ा रहता था, लेकिन अब उसमें भी सुधार हो गया।

**हर दिन साढ़े चार लाख लोग पहुंचे अयोध्या :** चंपत राय ने बताया कि महाकुंभ 2025 के दौरान अगर 15 जनवरी से 28 फरवरी तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो 15 जनवरी से 28 फरवरी तक हर दिन 4 से साढ़े चार लाख लोग हर दिन दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचे। इस अवधि में करीब डेढ़ करोड़ लोग अयोध्या आए। 10 ट्रेन प्रतिदिन कुंभ से अयोध्या आ रही थीं। रेलवे ने मुझे बताया कि हर दिन 4 से साढ़े चार हजार लोग एक ट्रेन से अयोध्या पहुंच रहे हैं।

**भगवान रामलला के विश्राम के समय को स्थगित करना पड़ा :** महाकुंभ के दौरान अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। 26 जनवरी को अयोध्या का नजारा देखकर मेरे मन में ये डर बैठ गया था कि ये कुचले न जाएं।

## एमसीडी सदन में भिड़े आप-भाजपा पार्षद

### फ्री गैस सिलेंडर का मुद्दा भी उठाया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के एमसीडी सदन में आम आदमी पार्टी और भाजपा पार्षदों ने एक दूसरे पर जोरदार हमला किया। सदन में इस दौरान पार्षद मेयर के आसन पर चढ़ गए और उनको बोलने से रोकते हुए उनका माइक तोड़ दिया। एमसीडी सदन की बैठक में आम आदमी पार्टी और भाजपा पार्षदों ने एक दूसरे के खिलाफ विभिन्न आरोप लगाते हुए हंगामा किया। आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने दिल्ली सरकार की ओर से ढाई हजार रुपए महिलाओं को पेंशन के तौर पर नहीं देने और होली पर गैस सिलेंडर नहीं दिए जाने का मुद्दा उठाते हुए विरोध किया। वहीं भाजपा पार्षदों ने आम आदमी पार्टी अल्पमत में होने का मुद्दा उठाते हुए एजेंडा पास करने के कदम को गैरकानूनी करार दिया। इस दौरान भाजपा पार्षद नेता सदन मुकेश गोयल के पास पहुंचे और उन्होंने एजेंडा पास करने से रोकना शुरू किया। वह अपनी सीट से उठकर बेंचो पर चढ़ते हुए पीछे आ गए और एक बेंच के नीचे एजेंडा छुपा कर प्रस्ताव पास किए। वहीं भाजपा के कई पार्षद मेयर के आसन पर चढ़ गए और उनको बोलने से रोकते हुए उनका माइक तोड़ दिया। उनकी टेबल पर रखे एजेंट को भी फाड़ दिया। इसके बाद मेयर ने सदन की बैठक स्थापित कर दी।

## नदी के जरिए सीमा के भीतर घुसे सात बांग्लादेशी, दिल्ली -एनसीआर से पकड़े गए



**नई दिल्ली।** पूर्वी जिला के स्पेशल स्टाफ ने अवैध रूप से दिल्ली-एनसीआर में रह रहे सात बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। सभी भारत-बांग्लादेश के बॉर्डर के नजदीक नदी में तैर कर भारत की सीमा में दाखिल हुए थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम ने पहले कृष्णा नगर से एक आरोपी को दबोचा।

### एक नाबालिग लड़की भी

बाद में इसकी निशानदेही पर लक्ष्मी नगर, लाजपत नगर, कृष्णा नगर, सीमापुरी के अलावा शालीमार गार्डन, गाजियाबाद से दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दिलावर खान, ब्यूटी बेगम, रफीकुल, तौहीद, मोहम्मद अजहर, जाकिर मलिक व 15 साल की एक नाबालिग लड़के के रूप में हुई है।

सभी को भेजा गया डिटेंशन सेंटर

पुलिस ने इनके पकड़े जाने की सूचना एफआरआरओ को दे दी है। फिलहाल इनको डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया है, जल्द ही उनको वापस इनके देश भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इनका कोई और साथी तो यहां नहीं रह रहा।

### मिली थी सूचना

पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि उनकी टीम भारत में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान उनके देश भेजने में जुटी हुई है। इसी कड़ी की जांच के दौरान टीम को पता चला कि कुछ बांग्लादेशी भारत में रह रहे हैं। सूचना के बाद अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त निथ्या राधा कृष्णा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

### दिलावर का मुंह खुला तो बाकियों का पता मिला

काफी प्रयासों के बाद 16 मार्च को टीम ने दिलावर खान नामक एक आरोपी को दबोचा। पूछताछ के दौरान आरोपी खुद को पश्चिम बंगाल का नागरिक बताने लगा। सख्ती से पूछताछ के बाद आरोपी दिलावर खान ने कबूल लिया कि वह बांग्लादेशी नागरिक है। बाद में उसकी निशानदेही पर छह अन्य नागरिकों को दिल्ली-एनसीआर से बरामद किया गया।

### नदी पार कर की सीमा पार, फिर बिखर गए

पूछताछ के दौरान इन सभी ने बताया कि यह लोग सीमा पर मौजूद नदी पार करके भारत की सीमा में दाखिल हुए थे। यहां आने के बाद यह अलग-अलग दिशाओं में बिखर गए। इनको लगता था कि ऐसा करने से यह पहचाने नहीं जाएंगे। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

## उत्तराखंड में पीएनजी और सीएनजी की नई दरें लागू



**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने पीएनजी और सीएनजी पर लगने वाले मूल्य वर्धित कर की दरों में बड़ी कटौती की है। उत्तराखंड में पीएनजी व सीएनजी सस्ती हुई है। इसके लिए आदेश जारी किया गया है।

उत्तराखंड सरकार ने राज्य में प्राकृतिक गैस (पीएनजी और सीएनजी) पर लगने वाले मूल्य वर्धित कर की दरों में बड़ी कटौती की है। अब पीएनजी पर मूल्य वर्धित कर 20 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत और सीएनजी पर मूल्य वर्धित कर 20 प्रतिशत से कम करके 10 प्रतिशत कर दिया गया है। यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण मुक्त उद्योगों को बढ़ावा देने और राजस्व में संवर्द्धन के उद्देश्य से लिया गया है। उत्तराखंड में अब तक पीएनजी और सीएनजी दोनों पर 20 प्रतिशत मूल्य वर्धित कर लागू था, जबकि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में यह दर क्रमशः 10 प्रतिश व चार प्रतिशत (पीएनजी) और 12.5 प्रतिशत व 13.75 प्रतिशत (सीएनजी) थी। इस अंतर के कारण उत्तराखंड की औद्योगिक इकाइयां और वाहन मालिक पड़ोसी राज्यों से सस्ती गैस खरीद रहे थे, जिससे राज्य को कर राजस्व का भारी नुकसान हो रहा था।ने को मिलेगा।

## महिलाओं की झोली फिर खाली, बजट का प्रावधान

### लेकिन अभी नहीं आएंगे 2100 रुपये



**चंडीगढ़।** विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने प्रदेश की महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना के तहत हर महीने 2100 रुपये देने का एलान किया था। इस योजना को लेकर प्रदेश सरकार ने 5000 करोड़ का बजट का प्रावधान रखा है। हरियाणा सरकार के बजट 2025-26 में प्रदेश की महिलाओं के लिए निराशा हाथ लगी है। क्योंकि हरियाणा में महिलाओं की लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 रुपये की राशि अभी नहीं मिलेगी। हालांकि बजट अभिभाषण में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना का प्रावधान किया गया। महिलाओं को प्रति माह 2100 की आर्थिक सहायता देने का संकल्प लिया था। इसे पूरा करने के लिए लाडो लक्ष्मी योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में इसके लिए सरकार ने 5000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

हरियाणा सरकार की तरफ से प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं आत्मनिर्भर को बनाने के लिए सरकार द्वारा 2100 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता प्रदान करना है। लाडो लक्ष्मी योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं कमजोर वर्ग की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

लाडो लक्ष्मी योजना में आवेदन करने के लिए आयु सीमा 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए। लाडो लक्ष्मी योजना की आवेदन करने के लिए लाडो लक्ष्मी योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बजट में कल्पना चावला छात्रवृत्ति का एलान किया गया है। छात्राओं को एक लाख तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके अलावा सभी स्कूलों में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। हर जिले में एक राजकीय महाविद्यालय को संस्कृति महाविद्यालय के तौर पर विकसित किया जाएगा।

## 'जो बहुजन के हित में काम करेगा वही आगे बढ़ेगा...'

### मायावती बोलीं: आड़े नहीं आएंगे हमारे रिश्ते-नाते




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक परिवर्तन और जातिवादी मानसिकता से हटकर बहुजन समाज को सम्मान दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आजकल जनहित के मुद्दों पर कम अपने-अपने स्वार्थ की राजनीति पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। यह चिंताजनक है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि होली और रमजान पर्व के बीच देशभर में कार्यकताओं ने कांशीराम की जयंती बनाई।

इससे न सिर्फ हमें बल मिला बल्कि कांशीराम के विचार लोगों तक पहुंचे। कहा कि यूपी हमारे नेतृत्व में बनी सरकार ने वास्तव में सामाजिक परिवर्तन किया। मायावती ने कहा कि हमारी सरकार बनने से पहले बहुजन समाज के लोगों को सामान्य लोगों के बराबर कुर्सी या चारपाई पर बैठने का अधिकार नहीं था।

#### हमने किया असली सामाजिक परिवर्तन

कहा कि 2007 में यूपी में हमारे नेतृत्व में बनी बसपा सरकार ने बहुजन को यह अधिकार दिलाया। इसके बाद बहुजन समाज के लोगों को सभी के बराबर कुर्सी और चारपाई पर बैठने को मिला। यही असल में सामाजिक परिवर्तन था। बहुजन समाज के लोगों को यह याद रखना चाहिए।

#### जातिवादी पार्टियों के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे

मायावती ने कहा कि विपक्षी पार्टियां बहुजन समाज की एकमात्र पार्टी बसपा को कमजोर करने में लगी हैं। जातिवादी मानसिकता वाली पार्टियां डॉ आंबेडकर के विचारों को भी समाप्त करने की पुरजोर कोशिश की थी। लेकिन, बाबा साहेब और फिर कांशीराम ने ऐसे लोगों को उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। अब हम भी बहुजन समाज के हित में ऐसी जातिवादी पार्टियों के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे।

## अस्सी से राजघाट तक 15 बजड़ों पर सजेगी संगीत की महफिल

### गंगा की लहरों पर आज मनाया जाएगा जश्न

**वाराणसी।** फूलों की लड़ियों से सजी नाव-बजड़े, चांदनी-मसनद, शमादान और गलीचे पर सजी संगीत की महफिल। गुलाब की भीनी-भीनी खुशबू। लाल-पीले गुलाल से रंगे चेहरे। जी... ऐसा नजारा होली के बाद काशी के बुढ़वा मंगल का होता है। होली के बाद पड़ने वाले पहले मंगलवार को यानी 18 मार्च को बुढ़वा मंगल का ये उत्सव मनाया जाएगा। अस्सी से राजघाट तक बजड़ों पर बुढ़वा मंगल की महफिल सजेगी।

काशी में गीत, गुलाल, और खुशियों के साथ बुढ़वा मंगल का अनोखा जश्न मनाया जाता है। ये काशी की संस्कृति और परंपरा का ही प्रतीक है। जब लोग अपने घरों से निकलकर बनारस के गंगा घाट पहुंचते हैं और बजड़े पर सजी संगीत की महफिल में रंग, अबीर-गुलाल के साथ खुशियों का जश्न मनाते हैं। पक्का महाल के 78 वर्षीय बच्चेलाल ने बताया कि होली के बाद काशी के लोगों में एक अनोखी खुमारी छाई रहती है, जो बुढ़वा मंगल के साथ समाप्त होती है। यह परंपरा कई साल पुरानी है और बनारस आज भी इसे संजोए हुए है। इस त्योहार को लोग होली के समापन के रूप में भी मनाते हैं।



#### रहता है बुढ़वा मंगल का इंतजार

वर्षों से इस रंगारंग कार्यक्रम के गवाह बनते आ रहे मंगरू यादव बताते हैं कि होली के बाद तो हम लोगों को बुढ़वा मंगल का इंतजार रहता है। इस दिन घरों में भी पकवान बनते हैं। दोस्तों-परिवार में होली मिलने जाने का यह अंतिम दिन होता है। इस दिन के बाद घरों से गुलाल-अबीर को अगले साल होली आने तक के लिए रोक दिया जाता है और घाट पर जाकर लोकगीत त्योहार के रंग को मनाया जाता है।

#### कई घाटों पर होता है परंपरा का निर्वहन

होली के बाद पड़ने वाले पहले मंगलवार को बनारस के कई घाटों पर इस परंपरा का निर्वहन होता है। दशाश्वमेध घाट से अस्सी घाट तक बुढ़वा मंगल की खुमारी में लोग डूबते उतराते हैं। गंगा नदी में खड़े बजड़े में लोकगायक अपनी प्रस्तुति देते हैं। इसमें बनारस और आसपास के जिलों के कई लोकगायक कलाकार शामिल होते हैं। बनारसी घराने की होरी, चैती, ठुमरी से शाम सुरीली हो उठती है। होली की मस्ती के बाद, बनारसी जोश के साथ लोग अपने पुराने काम के ढर्रे पर लौट जाते हैं। बिरहा गुरु विष्णु यादव ने बताया कि काशी के गंगा घाटों पर होली के बाद का जश्न बुढ़वा मंगल के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गंगा घाटों पर सजी संगीत की महफिल में कलाकारों की प्रस्तुति को देखने के लिए आमजन बड़ी संख्या में जुटते हैं।

#### इवेंट कंपनियां भी कर रही आयोजन

बुढ़वा मंगल के लिए कई इवेंट कंपनियों की ओर से गंगा घाट पर आयोजन किया जा रहा है। वहीं, कुछ संस्थाओं की ओर से भी बुढ़वा मंगल का आयोजन कराया जाएगा।

## तपिश भरी गर्मी में बसंत लेकर आई बारिश और ओले... किसान चिंतित, पूर्वा हवा फिर लाएगी मौसम में बदलाव

**लखनऊ।** मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक सोमवार की सुबह राजधानी लखनऊ समेत गोरखपुर, वाराणसी सोनभद्र, प्रयागराज, सुल्तानपुर, अयोध्या, बाराबंकी, इटावा, बिजनौर आदि जगहों पर हल्की बारिश देखने को मिली।

उत्तर प्रदेश में दक्षिणी-पूर्वी और तराई इलाकों में रविवार की देर रात से सोमवार की सुबह के बीच रुक-रुककर बारिश होती रही। गोरखपुर और बस्ती समेत अवध क्षेत्र के कई जिलों में बारिश के साथ ओले भी बरसे। पछुआ हवाओं से मौसम हुआ सुहाना सोमवार सुबह से प्रदेश भर में 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही पछुआ हवाओं के असर से तपिश भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम सुहाना हो गया है।



#### ओले गिरने से बढ़ी किसानों की चिंता

रविवार रात से सोमवार सुबह के बीच हुई बूंदाबांदी और कई जिलों में ओले गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई। खेतों में सरसों, मटर और गेहूं की फसल को ओले गिरने से नुकसान की आशंका है। वहीं, तेज पछुआ चलने से गेहूं आदि की फसल प्रभावित हो सकती है।

#### पूर्वा हवा फिर लाएगी मौसम में बदलाव

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि रविवार को प्रदेश के विभिन्न इलाकों में हुई बूंदाबांदी और बादलों की मौजूदगी से अगले दो दिन तक पारे में गिरावट आने के आसार हैं। वहीं 17 से 20 मार्च तक मौसम शुष्क रहने वाला है। इसके बाद बंगाल की खाड़ी से चली पूर्वा हवा फिर से मौसम में बदलाव लाएगी।

# सचिन तेंदुलकर की इंडिया मास्टर्स टीम ने जीता आईएमएल 2025 का खिताब

**मुंबई।** इंडिया मास्टर्स ने क्रिकेट के स्वर्णिम युग के जादू को फिर से जगाने वाले रोमांचक फाइनल में वेस्टइंडीज मास्टर्स को छह विकेट से हराकर इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 के पहले संस्करण का खिताब जीता। दिग्गज सचिन तेंदुलकर की अगुआई में इंडिया मास्टर्स ने रविवार को रायपुर के एसवीएनएस इंटरनेशनल स्टेडियम में करीब 50,000 प्रशंसकों की मौजूदगी में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए ब्रायन लारा की कप्तानी वाली वेस्टइंडीज मास्टर्स टीम को हराया। पुरानी यादों, स्किल और खेल की अमर भावना पर आधारित इस टूनामेंट में सपनों के मुकाबले देखने को मिले और दो क्रिकेट महाशक्तियों - इंडिया मास्टर्स और वेस्टइंडीज मास्टर्स के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले के लिए इससे बेहतर और कुछ नहीं हो सकता था।




इंडिया मास्टर्स ने पहले गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को 148/7 के स्कोर पर रोक दिया था और फिर मास्टर ब्लास्टर तेंदुलकर (25) और अंबाती रायुडू (74) की 67 रनों की साझेदारी ने लक्ष्य का पीछा करने की दिशा तय की। इंडिया मास्टर्स ने अपनी बल्लेबाजी से सबको चौंका दिया, क्योंकि तेंदुलकर और रायुडू ने खचाखच भरे स्टेडियम में कुछ पुराने स्ट्रोक्स खेले। तेंदुलकर ने जहां शानदार खेल दिखाया और अपने खास कवर ड्राइव तथा फ्लिक से मैदान को हिला दिया। वहीं, रायुडू ने आक्रामक रुख अपनाया और वेस्टइंडीज मास्टर्स की गेंदबाजी को ध्वस्त कर दिया। 51 वर्षीय स्टार ने 18 गेंदों की अपनी पारी के दौरान दो चौके और एक छक्का लगाकर दर्शकों का मनोरंजन किया, लेकिन टीनो बेस्ट की एक तेज गेंद ने उनकी पारी को खत्म कर दिया, जिससे दर्शकों का उत्साह कुछ देर के लिए शांत हो गया।

हालांकि, रायुडू ने सुनिश्चित किया कि इंडिया मास्टर्स के लक्ष्य की ओर बढ़ने के साथ ही आतिशबाजी जारी रहे। इस प्रक्रिया में, दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने बेस्ट की गेंद पर चौका लगाकर 34 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जबकि गुरकीरत सिंह मान (14) के साथ उनकी दूसरे विकेट की साझेदारी ने भारतीय टोटल में 28 रन और जोड़े। मान ऑफ स्पिनर एश्ले नर्स की गेंद पर शानदार शॉट लगाने के प्रयास में आउट हो गए, जिससे जोरदार जयकारों के बीच युवराज सिंह (नाबाद 13) के मैदान पर आने का रास्ता साफ हो गया।

जब इंडिया मास्टर्स जीत की ओर बढ़ रहा था, तभी वेस्टइंडीज मास्टर्स के स्पिनरों ने रायुडू के विकेट ले लिया। रायुडू 50 गेंदों की अपनी पारी में नौ चौके और तीन विशाल छक्के लगाने के बाद बाएं हाथ के स्पिनर सुलेमान बेन का शिकार बने, और नए खिलाड़ी यूसुफ पठान को नर्स ने पगबाधा आउट कर दिया। हालांकि, अंतिम 28 गेंदों पर भारत को 17 रन की जरूरत थी। स्टुअर्ट बिन्नी (नाबाद 16) ने दो विशाल छक्के लगाकर इंडिया मास्टर्स को जीत तक पहुंचा दिया।

इससे पहले, कैरेबियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और इंडिया मास्टर्स ने अपने गेंदबाजों के दम पर उसे 148/7 के मामूली स्कोर पर रोक दिया। कैरेबियाई पारी को मुख्य रूप से लेंडल सिमंस के अर्धशतक से अच्छी शक्ल मिली। आगे से नेतृत्व करते हुए, ब्रायन लारा (6) ने खुद पारी की शुरूआत करने के लिए कदम बढ़ाते हुए एक साहसिक फैसला किया। 55 वर्षीय लारा की मौजूदगी ही दर्शकों में भावनाओं का ज्वार भरने के लिए पर्याप्त थी और विस्फोटक ड्वेन स्मिथ (45) के साथ, उन्होंने एक शानदार शुरूआत के लिए मंच तैयार किया। कैरेबियाई जोड़ी ने नई गेंद पर हमला किया, और चार ओवरों में 34 रन बनाकर इंडिया मास्टर्स के कप्तान सचिन तेंदुलकर और उनके गेंदबाजों को अपनी योजनाओं पर पुनर्विचार करने पर मजबूर कर दिया।

लेकिन जैसा कि वे कहते हैं, क्रिकेट एक महान संतुलन है, और यह विनय कुमार थे जिन्होंने लारा को आउट करके वेस्टइंडीज मास्टर्स के आक्रमण को रोक दिया।

# सत्र से पहले स्टार खिलाड़ियों की चोट ने बढ़ाई फ्रेंचाइजी की मुश्किलें टीम संयोजन बना बड़ी चुनौती




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें संस्करण को शुरू होने में अब ज्यादा समय शेष नहीं है, लेकिन मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजाएंट्स समेत कुछ टीमों के खेमों में खलबली की स्थिति है। इसका कारण उनके सितारे क्रिकेटरों का लीग की शुरूआत में पूर्ण रूप से फिट नहीं होना है। पिछले संस्करणों की तरह इस बार भी आईपीएल में क्रिकेटरों की चोटों का साया है।

मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हों या लखनऊ सुपरजाएंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव, इनके बारे में तय हो चुका है कि ये 22 मार्च से शुरू हो रही लीग के शुरूआती चरण में नहीं खेलेंगे, लेकिन ये लीग में खेलेंगे या नहीं, यह अब भी बड़ा सवाल बना हुआ है। लखनऊ के दो अन्य तेज गेंदबाजों मोहसिन खान और आवेश खान की फिटनेस पर भी तस्वीर साफ नहीं है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के उमरान मलिक चोट के कारण बाहर हो गए हैं जिनकी जगह टीम ने चेतन सकारिया को शामिल किया है। वहीं, पंजाब किंग्स के लॉकी फर्ग्यूसन की फिटनेस भी संदेह के घेरे में है। मुंबई इंडियंस तो अपने दो गेंदबाजों के बदले में दूसरे क्रिकेटर भी बुला चुका है।

### मोहसिन-आवेश की फिटनेस पर भी सवाल

लखनऊ के पास तेज गेंदबाजी विभाग में मयंक यादव, आकाशदीप, मोहसिन खान, आवेश खान, शामार जोसेफ हैं। तेज गेंदबाजी की सनसनी मयंक यादव पर अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं है कि वह इस सत्र में खेलेंगे या नहीं। वहीं, मोहसिन और आवेश भी एनसीए में पुर्नवास के दौर से गुजर रहे हैं। ये दोनों गेंदबाज अगर लीग के शुरूआती चरण में नहीं खेले तो ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम को नुकसान होगा। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन भी चोटिल चल रहे हैं। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ अंगुली में चोट लगी थी, लेकिन सूत्रों के अनुसार उन्हें आईपीएल के शुरूआती चरण में खेलने की अनुमति मिल गई है और वह जल्द राजस्थान रॉयल्स से जुड़ सकते हैं।

### मुंबई को बुमराह की वापसी की जरूरत

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में टेस्ट खेलने के बाद से बुमराह मैदान में नहीं उतरे हैं। वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पुर्नवास के दौर से गुजर चुके हैं, लेकिन गेंदबाजी का कार्यभार उठाने की फिटनेस उन्हें अभी भी प्राप्त करनी है। यही कारण है कि वह लीग के शुरूआती चरण में नहीं खेलेंगे, लेकिन अब तक यह तय नहीं है कि वह पूरे सत्र में खेलेंगे भी या नहीं। मुंबई उनकी वापसी की उम्मीदें लगाए बैठा है। अगर वह नहीं खेले तो मुंबई इंडियंस को बड़ा झटका लगेगा।

### ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की फिटनेस भी संदिग्ध

सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस, आरसीबी के जोश हेजलवुड और दिल्ली कैपिटल्स के मिचेल स्टार्क चोट के चलते ऑस्ट्रेलिया के लिए चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेले थे। हालांकि इन तीनों के आईपीएल में खेलने की संभावना है, लेकिन यह देखना होगा कि ये तीनों अपनी टीमों के लिए किस मैच से उपलब्ध रहेंगे।

# लगातार तीसरी बार बीएफआई के अध्यक्ष बनने की जुगत में अजय सिंह, इन दो लोगों से मिलेगी चुनौती

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनाव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और वर्तमान अध्यक्ष अजय सिंह लगातार तीसरी बार पद पर बने रहने की जुगत में लगे हुए हैं। चुनाव गुरुग्राम में 28 मार्च को बीएफआई की वार्षिक आम बैठक के दौरान होगा। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 16 मार्च थी। अजय को चुनाव में महासचिव हेमंत कलिता और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी की चुनौती का सामना करना होगा।

अजय सिंह के नाम का प्रस्ताव उत्तराखंड मुक्केबाजी संघ ने किया। अध्यक्ष पद के लिए उनका मुकाबला असम मुक्केबाजी संघ के सचिव कलिता और हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष भंडारी से होगा। भंडारी ने उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष पद के लिए भी आवेदन किया है, जो वर्तमान में उनके पास है। केरल राज्य मुक्केबाजी संघ के



सचिव डी चंद्रलाल अध्यक्ष पद के चौथे दावेदार हैं।

### अनुराग नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के भी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने की उम्मीद थी और हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ ने अपने प्रतिनिधि के रूप में उनका नाम भेजा था। लेकिन उनका नाम उस मतदाता सूची में नहीं था जिसे अजय सिंह ने अंतिम रूप दिया था। कलिता ने हालांकि उन्हें एक अलग सूची में शामिल किया था लेकिन चुनाव अधिकारी आर के गौबा ने स्थापित मानदंडों का पालन करते हुए बीएफआई प्रमुख द्वारा दी गई सूची को मंजूरी दे दी।

### सचिव पद के लिए कई उम्मीदवार

सचिव पद के लिए कई उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश के प्रमोद कुमार, कर्नाटक के सतीश एन, ओडिशा के अनिल कुमार बोहिदार और निवर्तमान कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह (मध्य प्रदेश) शामिल हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए दिग्विजय ने भी नामांकन दाखिल किया है। इसके अलावा आठ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और इतनी ही संख्या में क्षेत्रीय संयुक्त सचिव भी चुने जाने हैं। नामांकन की जांच मंगलवार को होगी, जबकि वैध नामांकन और नाम वापसी की सूची 19 मार्च को जारी की जाएगी।

# पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी कराने में हुआ करोड़ों का नुकसान? रिपोर्ट में किया गया दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट में मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले टीम का प्रदर्शन चैंपियंस ट्रॉफी में काफी खराब रहा और अब रिपोर्ट सामने आई है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को इस आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कराना भारी पड़ा है क्योंकि उसे करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। टेलिग्राफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने में 85 मिलियन डॉलर (करीब 737 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ है।



चैंपियंस ट्रॉफी का मेजबान पाकिस्तान था, लेकिन भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था। फाइनल सहित भारत के सभी मुकाबले दुबई में कराए गए थे। पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा था और उसका सफर ग्रुप चरण में ही थम गया था। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में खिताब के बचाव के इरादे से उतरी थी।

### पाकिस्तान ने घरेलू मैदान पर खेला सिर्फ एक मैच

पाकिस्तान ग्रुप ए में शामिल था जिसमें भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश थे। पाकिस्तान को सबसे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ हार मिली और फिर अगले मैच में भारत ने हराकर उसे टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। बांग्लादेश के खिलाफ उसका मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा इससे टीम टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं जीत सकी। दिलचस्प बात यह है कि मेजबानी के बावजूद पाकिस्तान अपने घरेलू मैदान पर सिर्फ एक मैच खेल सका क्योंकि भारत के खिलाफ उसका मैच दुबई में हुआ था।

रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रावलपिंडी, लाहौर और कराची में स्टेडियम के नवीनीकरण पर करीब 58 मिलियन डॉलर (करीब 500 करोड़ रुपये से अधिक) खर्च किए। यह उसके शुरूआती बजट से 50 प्रतिशत अधिक है। इसके बाद पीसीबी ने टूर्नामेंट की तैयारियों पर 40 मिलियन डॉलर (करीब 347 करोड़ रुपये) खर्च किए, लेकिन बदले में उसे मेजबानी फीस के तौर पर सिर्फ छह मिलियन डॉलर (करीब 52 करोड़ रुपये) मिले। टिकट बिक्री और प्रायोजन की बात करें तो आय काफी कम थी। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस कारण पाकिस्तान को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है।

# विराट कोहली ने शुरू की आईपीएल की तैयारी

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल 2025 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आईपीएल के आगामी सत्र की शुरूआत 22 मार्च से हो रही है जिसका पहला मुकाबला आरसीबी और गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच खेला जाएगा। पहले मैच से पूर्व कोहली ने तैयारियां की और बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर बल्लेबाजी करते नजर आए। थ्रोडाउन विशेषज्ञ के साथ किया अभ्यास

कोहली ने नेट्स पर थ्रोडाउन विशेषज्ञ के साथ अभ्यास किया। आरसीबी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें कोहली बल्लेबाजी करते दिख रहे हैं। इस दौरान कोहली ने कुछ शानदार शॉट्स खेले। कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को खिताबी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी और उनकी नजरें आईपीएल में भी यही फॉर्म बरकरार रखने की होगी। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद कोहली कुछ दिन के ब्रेक पर थे इसलिए वह आरसीबी के साथ देरी से जुड़े।

### चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में थे कोहली

आरसीबी इस बार रजत पाटीदार की अगुआई में खेलने उतरेगी, लेकिन फ्रेंचाइजी को अभी भी पहले आईपीएल के खिताब का इंतजार है। कोहली चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान शानदार फॉर्म में नजर आए थे और उन्होंने पांच मैचों में 54.50 के औसत से 218 रन बनाए थे जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक जड़कर भारत को जीत दिलाई थी। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण के आखिरी मैच में सस्ते में आउट हुए। कोहली ने फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में 84 रन




बनाए और भारत को खिताबी मैच में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। कोहली की नजरें अब आईपीएल में जलवा बिखेरने पर हैं।

आरसीबी की नजरें एक बार फिर कोहली पर टिकी हुई होंगी जो अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में उतरेगी। फाफ डुप्लेसिस के टीम से जाने के बाद चर्चा थी कि कोहली एक बार फिर से आरसीबी की कमान संभाल सकते हैं, लेकिन फ्रेंचाइजी ने पाटीदार पर भरोसा जताया था। कोहली ने 2021 में आरसीबी का कप्तान पद छोड़ा था और उन्होंने दोबारा फिर यह जिम्मेदारी संभालने की दिलचस्पी नहीं जताई।

# 100वां टेस्ट खेलने के बाद ही संन्यास लेना चाहते थे रविचंद्रन अश्विन, धोनी को कर दिया था आमंत्रित

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खुलासा करते हुए बताया है कि वह अपने 100वें टेस्ट के बाद ही संन्यास लेना चाहते थे और उन्होंने इसके लिए महेंद्र सिंह धोनी को आमंत्रित भी कर दिया था। अश्विन का 100वां टेस्ट 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में खेला गया पांचवां टेस्ट था। उन्होंने उस मैच में नौ विकेट लिए और भारत को पारी और 64 रनों से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अचानक लिया था संन्यास

अश्विन ने अब खुलासा किया कि वह 100वें टेस्ट से ही विदाई ले चाहते हैं और उनका मन था कि धोनी उस पल का हिस्सा बनें। हालांकि, ऐसा हो नहीं सका। अश्विन ने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में गाबा टेस्ट के बाद अचानक ही संन्यास लेने का फैसला कर दिया था। मैच के बाद जैसे ही कप्तान रोहित शर्मा प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए उनके साथ अश्विन भी मौजूद रहे और संन्यास लेने की घोषणा की थी। अश्विन के यूं अचानक संन्यास के फैसले ने सभी को चौंका दिया था।

अश्विन ने कहा, मैं धोनी को अपने 100वें टेस्ट के लिए बुलाया जिससे वह मुझे मेमेंटो दे सकें। मैं चाहता था कि वो मेरा आखिरी टेस्ट हो, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। हालांकि, मैंने नहीं सोचा था कि वह मुझे चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में वापस लाने का उपहार देंगे। यह उससे कहीं ज्यादा अच्छा है, इसलिए मैं ऐसा करने के लिए धोनी को धन्यवाद देता हूं। मुझे खुशी है कि मैं यहां हूं।

### अश्विन बोले- हमेशा धोनी का आभारी रहूंगा

अश्विन ने साथ ही आईपीएल में सीएसके के साथ अपने पहले सत्र को याद किया और कहा कि वह मौके देने के लिए हमेशा धोनी के आभारी रहेंगे। अश्विन ने कहा, 2008 में मैं सीएसके के ड्रेसिंग रूम में मैथ्यू हेडन और धोनी सहित सभी दिग्गज खिलाड़ियों से मिला। उस समय मैं पूरे सत्र बैठा रहा। उस दौरान मैं कुछ भी नहीं था, मैं उस टीम में कहां खेलता जिसमें मुथैया मुरलीधरन थे? धोनी ने मुझे जो दिया उसके लिए मैं पूरे जीवन उनका आभारी रहूंगा। उन्होंने मुझे मौका दिया कि मैं नई गेंद से क्रिस गेल के खिलाफ गेंदबाजी करूं।





आठ सीजन के बाद अश्विन की सीएसके फ्रेंचाइजी में वापसी हुई है। वह इस टीम के लिए आखिरी बार 2015 में खेले थे। पांच बार की चैंपियन टीम ने अश्विन को 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। अश्विन सीएसके में रवींद्र जडेजा के साथ नजर आएंगे।

# ड्यूटी के साथ-साथ खेलों में नाम रोशन कर रहे पुलिसकर्मी, अंतराष्ट्रीय स्तर पर जीते कई मेडल

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ पुलिस विभाग में ड्यूटी के साथ साथ मुलाजिमों ने राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर चंडीगढ़ पुलिस का नाम रोशन किया है। इंस्पेक्टर बदलदेव और हरिंदर सेखों ने वर्ल्ड बॉडिबिल्डंग में विदेश में तिरंगा लहराकर भारत के साथ साथ चंडीगढ़ पुलिस का नाम खेल में भी कई गुण ऊंचा कर दिया है। इसके अलावा सिपाही और हवलदार रैंक के मुलाजिमों ने बॉक्सिंग, कुशती, योग और प्रवतारोहण में चंडीगढ़ पुलिस का मान बढ़ाया है।

### हवलदार अमित कुमार ने ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में जीते 10 पदक

हवलदार अमित कुमार की उपलब्धियों को देखते उन्हें स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर प्रशासनिक पुलिस पदक से सम्मानित




किया गया। उन्हें खेल की उपलब्धियों के चलते सिपाही से हवलदार बनाया गया था। उन्होंने ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में कुल 10 पदक जीते, जिनमें 3 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य पदक शामिल हैं। उन्होंने कुश्ती, वुशु और पेंकाक सिलाट जैसे विभिन्न खेलों में भाग लिया। उन्होंने चंडीगढ़ पुलिस में 15 मार्च 2005 में चंडीगढ़ पुलिस ज्वाइन किया है।

हरियाणा के कुरुक्षेत्र के रहने वाले 56 साल के इंस्पेक्टर बलदेव कुमार युवाओं के लिए एक आइकन हैं। साल 2024 में एशियान बॉडिबिल्डंग में गोल्ड मेडल जीता। जबकि वर्ल्ड बॉडिबिल्डंग में चौथा स्थान हासिल किया। दोनों प्रतियोगिता विदेश में आयोजित हुई थी। उन्होंने साल 1995 में चंडीगढ़ पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। इंस्पेक्टर बलदेव कुमार को 50-60 के एज कैटेगरी में टाप रैंक मिला है। बलदेव ने बताया कि यह मेडल देश और चंडीगढ़ पुलिस के सभी सदस्यों के लिए है। बलदेव ने 53 की उम्र में इंस्पेक्टर बलदेव कुमार ने उज्जबेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में आयोजित 12वीं डब्ल्यूबीपीएफ वर्ल्ड बाडीबिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2021 में ब्रांज मेडल हासिल किया था। इस मेडल से पहले भी बलदेव इंटरनेशनल स्तर पर दो मेडल जीत चुके हैं। उन्होंने साउथ कोरिया में आयोजित 11वीं वर्ल्ड बाडीबिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल और इंडोनेशिया में आयोजित 53वीं एशियन बाडीबिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप सिल्वर मेडल अपने नाम किया। बलदेव वर्तमान में एएनटीएफ में तैनात हैं।

बॉक्सिंग की उपलध्यिों के चलते 29 साल की रीना को प्रमोशन देकर हेड कांस्टेबल बनाया गया था। दो बच्चों की मां रीना मुक्केबाजी में अब तक विभिन्न प्रतियोगिताओं के 25 पदक जीत चुकी हैं, जिसमें 15 स्वर्ण पदक हैं। इससे पहले भारत की विश्व चैंपियन मुक्केबाज मैरीकॉम, जिन्हें सुपर मॉम का तमगा मिला।

### बॉक्सिंग में जीते 5 पदक

वीआईपी सुरक्षा में तैनात सिपाही बॉक्सर नीरज ने बॉक्सिंग में 71 किलो वजन वर्ग में पिछले 5 सालों में एक गोल्ड और 4 ब्राउंज मेडल जीते।

- ऑल इंडिया पुलिस ब्रॉन्ज मेडल 2016
- ऑल इंडिया पुलिस ब्रॉन्ज मेडल 2017
- ऑल इंडिया पुलिस ब्रॉन्ज मेडल 2018
- ऑल इंडिया पुलिस ब्रॉन्ज मेडल 2020
- ऑल इंडिया पुलिस गोल्ड मेडल 2023

# मयंक यादव की फिटनेस पर आई ताजा जानकारी, लखनऊ सुपरजाएंट्स को तेज गेंदबाज के जल्द जुड़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपरजाएंट्स को उम्मीद है कि उसके तेज गेंदबाज मयंक यादव 11 या 12 अप्रैल तक टीम से जुड़ जाएंगे। मयंक चोट से उबर रहे हैं, लेकिन उन्हें खेलने के लिए अभी मंजूरी नहीं मिली है। पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू करने के बाद उन्हें पीठ में चोट लग गई थी। वह बंगलुरू में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे थे और उन्होंने हाल ही में गेंदबाजी शुरू की थी।

### लखनऊ को हरी झंडी मिलने का इंतजार

इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में खबर आई थी कि मयंक आईपीएल 2025 सीजन के पहले चरण में नहीं खेल सकेंगे और अब ताजा जानकारी सामने आई है कि वह अप्रैल के दूसरे सप्ताह में टीम से जुड़ेंगे। एक सूत्र ने मीडिया रिपोर्ट के हवाले से बताया कि मयंक नेट्स पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और उनमें मैच की तैयारी दिख रही है। लखनऊ की टीम को अब सेंटर ऑफ एक्लीसेंस से हरी झंडी मिलने का इंतजार है जिससे मयंक टीम से जुड़ सकें।

सूत्रों ने बताया कि फ्रेंचाइजी को उम्मीद है कि मयंक जल्द ही टीम से जुड़ेंगे। अगर मयंक टीम से 11 या 12 अप्रैल को जुड़ते हैं तो इसका मतलब है कि वह पहले सात मैचों में नहीं खेल पाएंगे जिसमें दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबला भी शामिल है। मयंक ने पिछले आईपीएल सीजन 155 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंककर सुर्खियां बटोरी थी।





### पिछले सीजन बटोरी थी सुर्खियां

मयंक 2023 सीजन में चोट के कारण बाहर रहे थे, लेकिन उन्होंने पिछले सीजन पंजाब किंग्स के खिलाफ डेब्यू मैच में ही तीन विकेट झटके थे। इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अगले मैच में भी उन्होंने तीन विकेट लिए जिससे लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। हालांकि, उनका अभियान सिर्फ चार मैचों तक ही सीमित रहा क्योंकि साइड स्ट्रेन के कारण वह आगे नहीं खेल सके। पिछले सीजन ज्यादातर समय बाहर रहने के बावजूद लखनऊ फ्रेंचाइजी ने उन पर भरोसा जताया और मेगा नीलामी से पहले मयंक को 11 करोड़ रुपये में रिटेन किया।

# आतंकी अब्दुल बाकी नूरजई की क्वेटा में गोली मारकर हत्या कल ही लश्कर आतंकी अबु कताल को बनाया निशाना

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के आतंकी और जमीयत उलेमा ए इस्लाम के नेता मुफ्ती अब्दुल बाकी नूरजई की क्वेटा में गोली मारकर हत्या कर दी गई। गौरतलब है कि रविवार को ही लश्कर ए तैयबा के आतंकी अबु कताल की भी पाकिस्तान पंजाब के झेलम में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

**पाकिस्तान में टारगेट किलिंग का नया शिकार बना नूरजई :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नूरजई को क्वेटा हवाई अड्डे के नजदीक गोलियां मारी गईं। हमले में नूरजई गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अभी तक नूरजई पर हमलावरों की पहचान नहीं हुई है और उनकी तलाश की जा रही है। पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बीते कुछ समय से आतंकियों को निशाना बनाया जा रहा है। जिन लोगों को निशाना बनाया गया है, उनमें आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा, जैश ए मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े लोग शामिल हैं।



**पाकिस्तान में हाल के समय में कई आतंकियों की अज्ञात हमलावरों द्वारा हत्या की गई है। अब उस कड़ी में अब्दुल बाकी नूरजई का नाम भी जुड़ गया है**

### रविवार को ही अबु कताल को किया गया ढेर

अब्दुल बाकी नूरजई पर हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब रविवार को ही लश्कर ए तैयबा के कमांडर जिया उर रहमान, जिसे नदीम उर्फ अबु कताल के नाम से भी जाना जाता था, उसे अज्ञात हमलावरों ने पंजाब के झेलम में मौत के घाट उतार दिया था। अबु कताल लश्कर ए तैयबा के संस्थापक खूंखार आतंकी हाफिज सईद का करीबी था और जम्मू कश्मीर में कई आतंकी हमलों में शामिल रहा था।

अबु कताल ने साल 2000 की शुरूआत में जम्मू कश्मीर में घुसपैठ की और यहां कई आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया। पुंछ और राजौरी जिलों में अबु कताल का मजबूत नेटवर्क था। साल 2023 में राजौरी के डांगरी गांव में हिंदू समुदाय के लोगों पर हुए हमले के पीछे भी अबु कताल का नाम सामने आया था। उस हमले में पांच लोग मारे गए थे। जून 2024 में शिव खोड़ी मंदिर जा रहे । श्रद्धालुओं पर हमले के पीछे भी अबु कताल का ही हाथ था।

# शिन बेट आंतरिक सुरक्षा सेवा निदेशक रोनेन बार को बर्खास्त करेगी सरकार

**नई दिल्ली ।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को देश की आतंकरोधी एजेंसी शिन बेट के प्रमुख रोनेन बार को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने की घोषणा की। नेतन्याहू ने बार के साथ बैठक के बाद जारी बयान में कहा, चल रहे अविश्वास के कारण मैंने शिन बेट प्रमुख के पद को समाप्त करने का प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया है।



मामले में नेतन्याहू ने कहा, हम सात मोर्चों पर अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। ऐसे युद्धकाल में प्रधानमंत्री को शिन बेट प्रमुख पर पूरा भरोसा होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से मेरा उन पर लगातार बढ़ता अविश्वास ही इस कदम का कारण है। उन्होंने शिन बेट के कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह फैसला संगठन के पुनर्गठन, युद्ध लक्ष्यों की प्राप्ति और भविष्य की त्रासदियों को रोकने के लिए जरूरी है। शिन बेट देश की प्रमुख आंतरिक सुरक्षा एजेंसी है। यह आतंकवाद रोधी अभियानों को अंजाम देती है।

### शीन बेट ने विफलताओं को किया स्वीकार

बता दें कि फलस्तीनी आतंकवादी समूहों की निगरानी के लिए जिम्मेदार है शिन बेट ने हाल ही में 7 अक्टूबर के हमले की विफलताओं के लिए जिम्मेदारी स्वीकार की। साथ ही, शिन बेट ने यह भी कहा कि सरकार की नीतियों में कुछ खामियां थीं, जिन्होंने हमले के लिए माहौल बनाने में मदद की।

### युद्ध विराम समझौते पर प्रकाश

दूसरी ओर हमास दूसरे चरण के युद्धविराम समझौते के लिए इस्राइल पर दबाव बना रहा है औऱ इसी के तहत उसने शनिवार को कहा था कि अगर युद्धविराम समझौता लागू होगा, तभी वे एक अमेरिकी-इस्राइली बंधक को रिहा करेंगे।

# पीएम मोदी ने दोस्ती याद दिलायी तो गदगद हुए ट्रंप

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पॉडकास्ट शेयर किया। दरअसल, अमेरिका के लोकप्रिय पॉडकास्टर और कंप्यूटर वैज्ञानिक लेक्स फ्रिडमैन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते दिन बातचीत की थी। इस दौश्रान पीएम मोदी ने ट्रंप को अपना दोस्त बताया था और उन्होंने एक साहसिक शख्सियत करार दिया था। तीन घंटे से अधिक समय तक चली बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने रविवार को कहा था कि उनकी और ट्रंप की बॉन्डिंग बहुत अच्छी है, क्योंकि दोनों अपने-अपने देशों को पहले रखते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनका आपसी विश्वास तब भी कायम रहा, जब रिपब्लिकन नेता जो बाइडन राष्ट्रपति थे।



प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बीच परस्पर विश्वास का रिश्ता है। वे बेहतर तरीके से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं, क्योंकि वे हर चीज से ऊपर अपने राष्ट्रीय हितों को रखने में विश्वास करते हैं। पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने ट्रंप की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक साहसी व्यक्ति बताया, जिसने अपने फैसले खुद किए और जो अमेरिका के प्रति अटूट रूप से समर्पित रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उनका यह समर्पण उस वक्त भी दिखा जब पिछले साल चुनाव प्रचार के दौरान एक बंदूकधारी ने उन्हें गोली मार दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में पहले की तुलना में कहीं अधिक तैयार दिखाई दे रहे हैं। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के बारे में उन्होंने कहा कि उनके दिमाग में सुपरिभाषित कदमों के साथ स्पष्ट रोडमैप है, हर रोडमैप उन्हें उनके लक्ष्यों की ओर ले जाने के लिए तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान उन्हें ट्रंप की टीम के सदस्यों से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि उन्होंने मजबूत और सक्षम टीम बनाई है। और इतनी मजबूत टीम के साथ, मुझे लगता है कि वे राष्ट्रपति ट्रंप के दृष्टिकोण को लागू करने में पूरी तरह सक्षम हैं।' इस दौरान उन्होंने उपराष्ट्रपति जे डी वेंस, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड, विवेक रामास्वामी और एलन मस्क के साथ अपनी बैठकों को याद किया।

# सुनीता विलियम्स के धरती पर लौटने की तारीख तय अंतरिक्ष यात्रियों ने मस्क-ट्रंप का जताया आभार

**वॉशिंगटन ।** भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर की धरती पर वापसी की तारीख तय हो गई है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया है कि ये दोनों और दो अन्य अंतरिक्ष यात्री मंगलवार शाम को धरती पर वापस लौटेंगे। नासा ने बताया कि सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर और एक अन्य अमेरिकी अंतरिक्षयात्री निक हेग और एक रूसी अंतरिक्षयात्री एलेक्जेंडर गोरबुनोव स्पेसएक्स के ड्रैगन क्राफ्ट यान से फ्लोरिडा के तट पर मंगलवार शाम करीब छह बजे धरती पर उतर सकते हैं। पहले इनके बुधवार को धरती पर लौटने की उम्मीद थी।



सएक्स का ड्रैगन क्राफ्ट यान रविवार को चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पहुंचा था। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर बीते करीब नौ महीने से अंतरिक्ष स्पेस स्टेशन पर फंसे हैं। दोनों बीते साल जून में बोइंग के स्टारलाइनर यान से अंतरिक्ष पहुंचे थे, लेकिन स्टारलाइनर यान में तकनीकी खराबी के चलते दोनों वापस नहीं आ सके।

**अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने से अंतरिक्ष यात्रियों को हो सकती हैं स्वास्थ्य संबंधी परेशानी :** सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतरिक्ष में 284 दिन बीत चुके हैं। ऐसे में दोनों को स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि अंतरिक्ष में लंबे समय तक शून्य गुरुत्वाकर्षण व तेज विकिरण में रहने से हड्डियों की कमजोरी, आंखों की रोशनी पर असर और शरीर का संतुलन बिगड़ने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। विकिरण के चलते कैंसर और तंत्रिका तंत्र संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो सकती है।

### मस्क और ट्रंप का आभार जताया

नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर ने स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आभार जताया है। एक्स पर मस्क द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में सुनीता विलियम्स ने कहा, 'हम जल्द ही वापस आ रहे हैं, इसलिए मेरे बिना योजनाएं न बनाएं।

# नेशनल असेंबली के स्पीकर ने बंद कमरे में बुलाया सत्र, सांसदों को दिए जाएंगे सुरक्षा से जुड़े अपडेट

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमलों में बढ़ोतरी के बीच सरकार ने मंगलवार को सुरक्षा से संबद्ध संसद की एक उच्च समिति की बैठक बुलाई है। बंद कमरे में होने वाली इस बैठक में शीर्ष सैन्य नेतृत्व मौजूदा स्थिति पर सांसदों को जानकारी देगा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ह्यनेशनल असेंबलीह्व के अध्यक्ष अयाज सादिक से मंगलवार को दोपहर डेढ़ बजे संसद में सुरक्षा संबंधी बैठक बुलाने के लिए कहा है। इसे लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा बयान भी जारी किया गया है। बयान के अनुसार, सैन्य नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संसदीय समिति को सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी देगा।



गौरतलब है कि यह बैठक तब हो रही है जब पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में हाल में कई आतंकवादी हमले हुए हैं। इन दोनों प्रांतों की सीमा अफगानिस्तान से सटी है।

डॉन की रिपोर्ट्स में कहा गया है कि चूंकि देश में सुरक्षा पर कोई संसदीय समिति गठित नहीं की गई थी, ऐसे में नेशनल असेंबली के रक्षा और विदेश मामलों की स्थायी समितियों के सदस्य, संघीय कैबिनेट के सदस्य, चारों प्रांतों के मुख्यमंत्री और सभी संसदीय दलों के नेता अथवा उनके प्रतिनिधि बंद दरवाजे के भीतर होने वाली इस बैठक में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री शरीफ और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर इस बैठक में शामिल होंगे।

वहीं, डॉन का यह भी कहना है कि ऐसा बताया जा रहा है कि सरकार प्रांत में बढ़ते आतंकवादी हमलों में शामिल बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और अन्य आतंकवादी संगठनों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की योजना बना रही है ।बता दें कि खैबर-पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में हालात बेहद गंभीर है।

इन इलाकों में लंबे समय से गृहयुद्ध जैसी स्थिति है। यहां तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) लगातार सुरक्षा कर्मियों और नागरिकों को निशाना बनाते रहते हैं। बीते रविवार को बलूचिस्तान के नोशकी जिले में बीएलए के लड़ाकों ने अर्धसैनिक बल के एक काफिले पर हमला किया था। इस हमले में तीन सुरक्षा कर्मियों सहित पांच लोग मारे गए थे और 30 अन्य घायल हो गए थे। हालांकि कई रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया था । कि इस हमले में 90 लोग मारे गए हैं।

# अल्ताफ हुसैन ने सरकार को दिखाया आईना

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान समेत कई और समस्याओं को लेकर मोहाजिरों के सबसे बड़े संगठन मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम-एल) के प्रमुख अल्ताफ हुसैन ने शहबाज सरकार को चेतावनी



दी है। साथ ही सरकार से अपील की है कि वह अपने अतीत की गलतियों को स्वीकार करे और राष्ट्रीय मेलमिलाप की प्रक्रिया शुरू करे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अपने भविष्य के लिए एक नया सामाजिक अनुबंध तैयार करना चाहिए ताकि सब लोग एक साथ मिलकर देश की समस्याओं का समाधान कर सकें। हुसैन ने की ।

# डोनेटस्क में बढ़ा तनाव, जेलेंस्की ने सशस्त्र बलों के स्टाफ प्रमुख को बदला

**मुंबई ।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को अपने सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ का नया प्रमुख नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने एंड्री ह्नाटोव को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, जो अब तक इस पद पर तैनात अनातोली बारहिलेविच की जगह लेंगे। जनरल स्टाफ ने इस बदलाव की घोषणा अपने टेलीग्राम चैनल के जरिए की। जेलेंस्की का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब देश इस समय रूस के कुर्स्क क्षेत्र और डोनेट्स्क में बढ़ते सैन्य दबाव का सामना कर रहा है और अपनी सेना का पुनर्गठन करने की कोशिश कर रहा है।



**इस फेरबदल पर यूक्रेन के रक्षा मंत्री की टिप्पणी :** राष्ट्रपति जेलेंस्की के इस फैसले पर यूक्रेनी रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के सशस्त्र बलों को उनकी युद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए व्यवस्थित रूप से बदला जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेनी सेना युद्ध की चुनौतियों का सामना करने के लिए लगातार खुद को मजबूत और प्रभावी बनाने की दिशा में कदम उठा रही है।

### बारहिलेविच को मिली ये जिम्मेदार

अब बात अगर हारहिलेविच की करें तो बारहिलेविच, जो अब तक जनरल स्टाफ के प्रमुख के रूप में काम कर रहे थे, अब यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय के जनरल इंस्पेक्टर के रूप में कार्य करेंगे। उमरोव ने इस बात पर भी जोर दिया कि बारहिलेविच अब भी सेना के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा बने रहेंगे और सैन्य मानकों की देखरेख करने के साथ-साथ सेना में अनुशासन को मजबूत करने में मदद करेंगे। हालांकि रोचक बात ये है कि ऑलेक्जेंडर सिर्स्की जो पहले से यूक्रेनी सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के रूप में कार्यरत हैं, अपनी भूमिका में बने रहेंगे और सेना के संचालन को देखेंगे।

गौरतलब है कि यूक्रेन में कर्मचारियों के इस बदलाव का सिलसिला तब हो रहा है।

# यमन में संघर्ष ने पकड़ी नई दिशा, अमेरिका-ईरान तनाव के बीच हूती विद्रोहियों पर जोरदार हमला

**वॉशिंगटन ।** यमन में अमेरिका और ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के बीच हाल ही में तनाव और बढ़ गया है। इसके बाद अमेरिका ने दुनिया के सबसे व्यस्त शिपिंग कॉरिडोर में से एक पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं, ताकि हूती विद्रोहियोंको सैन्य और वाणिज्यिक जहाजों पर हमले करने से रोका जा सके। बता दें कि अमेरिकी हमलों में कम से कम 53 लोग मारे गए हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हमले में सना और सादा जैसे क्षेत्रों में भी लोग घायल हुए हैं, जो हौथियों का मुख्य गढ़ हैं।



### अमेरकी विदेष मंत्री का बयान

मामले में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि यह हमला तब तक जारी रहेगा जब तक हूती विद्रोहियों के पास ऐसा करने की क्षमता नहीं रह जाती। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी चेतावनी दी है कि अगर हौथी हमले बंद नहीं करते हैं, तो अमेरिका जबरदस्त घातक बल का उपयोग करेगा और ईरान को इसके लिए जिम्मेदार ठहराएगा।

गौरतलब है कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग को बार-बार निशाना बनाया है। साथ ही दो जहाजों को डुबो दिया है। हूती विद्रोहियों ने इसे फलस्तीन के साथ एकजुटता दिखाने के रूप में बताया है, जहां इस्राइल और हमास के बीच युद्ध चल रहा है।

### अमेरिका का हूती के खिलाफ सबसे बड़ा हमला

अमेरिका ने हूती विद्रोहियों के खिलाफ यह सबसे बड़े हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि इस हमले में कई हौथी नेताओं को निशाना बनाया गया है। वहीं, हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के हमलों का जवाब देने की धमकी दी है। साथ ही, उन्होंने अमेरिकी युद्धपोतों को निशाना बनाने का दावा भी किया है, हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने इसे खारिज कर दिया।

**गुटेरेस ने की संयम बरतने की अपील :** इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। साथ हिी यमन में मानवीय स्थिति को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। याद रहे है कि यह स्थिति इस बात की ओर इशारा करती है कि अमेरिका और हूती विद्रोहियों के बीच संघर्ष और भी बढ़ सकता है।

# आईएसआई संरक्षण में मर रहे भारत के दुश्मन बलूचिस्तान से पंजाब तक रहा आतंकियों का अंत

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान में एक के बाद एक भारत के दुश्मनों का सफाया होना जारी है। हाल ही में पाकिस्तान में जिन आतंकियों का सफाया किया गया है, उनमें सबसे ताजा नाम अब्दुल बाकी नूरजई और हाफिज सईद के करीबी अबु कताल का है। दोनों की हत्या ही रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई। ऐसे में यह जानना अहम है कि पाकिस्तान में भारत के कितने मोस्ट वॉन्टेड आतंकी हालिया वर्षों में पाकिस्तान में मारे गए हैं? इनकी हत्या कब और कैसे हुई? आईएसआई संरक्षण में छुपे बैठे इन आंतिकों को कौन मार रहा है? भारत में इन आंतकियों ने कौन से अपराध किए थे? आइये जानते हैं...



**पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी- इंटर सर्विस इंटेलिजेंस के संरक्षण के बावजूद बीते करीब दो साल में 15 से ज्यादा आतंकियों को मारा जा चुका है। चौंकाने वाली बात यह है कि पाकिस्तान में यह सभी लोग भारत के खिलाफ साजिश रचते हुए और आतंकी संगठनों को संचालित करते हुए आसानी से जिंदगी काट रहे थे। लेकिन एक-के-बाद-एक रहस्यमयी स्थितियों में हुई हत्या की घटनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के आकाओं को चिंता में डाल दिया**

पाकिस्तान के आतंकी और जमीयत उलेमा ए इस्लाम के नेता मुफ्ती अब्दुल बाकी नूरजई की क्वेटा में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पाकिस्तान में हाल के समय में कई आतंकियों की अज्ञात हमलावरों द्वारा हत्या की गई है। अब उस कड़ी में अब्दुल बाकी नूरजई का नाम भी जुड़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नूरजई को क्वेटा हवाई अड्डे के नजदीक गोलियां मारी गईं। हमले में नूरजई गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अभी तक नूरजई पर हमलावरों की पहचान नहीं हुई है और उनकी तलाश की जा रही है। 15 मार्च 2025 यानी शनिवार रात को पाकिस्तान में हाफिज सईद के करीबी और कश्मीर में कई हमलों में संलिप्त रहे लश्कर ए तैयबा के आतंकी अबू कताल की हत्या कर दी गई। कताल भारत के रियासी हमले का मास्टरमाइंड था। हत्या के पीछे किसका हाथ है, अभी इसका खुलासा नहीं हो सका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, झेलम जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर कताल की हत्या कर दी। वह मुंबई 26/11 हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का करीबी था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मुताबिक अबू कताल 2002-03 में भारत आया था और यहां कश्मीर के पुंछ-राजौरी इलाके में सक्रिय रहा।

इसके अलावा 9 जून को रियासी में तीर्थयात्रियों कर बस हुए हमले में उसकी अहम भूमिका थी।